CMYK

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम: 16°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 79 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 18 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्राः योगी पेज 2





ऑरेंज कैप की दौड़ में समीर रिजवी सबसे आगे खेल टाइम्स



राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय सम्पादकीय



युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमीः ईरान पेज 12

# ईरान ने ठुकराया युद्धविराम का प्रस्ताव, हमले जारी रहने तक नहीं होगी सीधी बातचीत

तेहरान, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां मिल रही हैं, तो दूसरी ओर ईरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बना रहा है।

इस बीच, ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर से पेश किए गए प्रस्तावों पर अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इजरायल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में



■ **अस्थायी युद्धविराम के बदले होर्मुज स्ट्रेट खोलने से किया इन्कार**

शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। यह युद्धविराम विरोधी पक्ष को फिर से संगठित होने और अपनी कार्रवाई जारी रखने का मौका दे सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज स्ट्रेट के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तेहरान 'अपनी पूरी ताकत' से अपने देश की रक्षा करेगा।

## ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर इजरायल का हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर से मिसाइल हमला किया। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

इससे पहले इजरायल ने 18 मार्च को भी इस गैस फील्ड पर हमला किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी। तब ट्रम्प ने ये भी कहा था कि इस तरह के और हमले नहीं होने चाहिए। वहीं सोमवार को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास भी धमाकों की आवाज सुनी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह हमला अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल के हमले बढ़े, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा।

■ **ट्रम्प ने यहां अटैक करने से मना किया था, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास धमाका**

### हमले में IRGC के खुफिया एजेंसी के प्रमुख की मौत

**तेहरान।** आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मेजर जनरल मजीद खादमी की अमेरिका-इजरायल के हमले में मौत हो गई है। आईआरजीसी ने सोमवार को एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मजीद खादमी की सोमवार सुबह अमेरिकी-इजरायली हमले में मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली विस की सुरक्षा में चूक, बैरियर तोड़कर घुसी कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला सरबजीत है।

### दो जहाज जल्द 60 हजार टन एलपीजी लेकर पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए राहत की खबर है। सरकार ने बताया कि एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और जल्द भारत पहुंचेंगे। इन जहाजों के नाम ग्रीन सान्वी और ग्रीन आशा हैं। इनमें कुल मिलाकर 60 हजार टन से ज्यादा गैस है। ग्रीन सान्वी 7 अप्रैल और ग्रीन आशा 9 अप्रैल तक भारत पहुंच सकते हैं। सरकार के मुताबिक, दोनों जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनमें भारतीय नाविक भी सवार हैं। एक जहाज में करीब 46 हजार टन और दूसरे में लगभग 15 हजार टन गैस है।

### ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े अलेक्जेंडर लियोनोव की मौत

**मास्को।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकान हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया। उन्होंने ग्रेनिट, वल्कन और बास्टियन जैसे मिसाइल और कोस्टल डिफेंस सिस्टम्स के विकास में भी भूमिका निभाई थी।

# बंगाल SIR: सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## मतदाता सूची अपडेट करने के लिए तय की एक दिन की समयसीमा

### ट्रिब्यूनल को भी निर्देश जारी किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की है।

शीर्ष कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की ओर से दिए गए कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी तरह के संदेह को दूर किया जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई की जाए। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के दावों और आपत्तियों पर न्यायिक अधिकारियों ने अब तक 59 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि बाकी बचे दावों और आपत्तियों पर दिन में फैसला किया जाएगा, ताकि सभी मामलों का निपटारा समय पर हो सके। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शेष मतदाताओं की पूरक सूची आज रात प्रकाशित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने उस पत्र का हवाला दिया, जो कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने भेजा था। इस पत्र में बताया गया कि हटाए गए 60 लाख मतदाताओं के दावों पर लगातार काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मालदा जिले में लगभग आठ लाख दावों का निपटारा कर दिया गया है। कोर्ट ने इस प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द पूरा होना चाहिए।

### मालदा घटनाः हाईकोर्ट सीजे का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को लगाई फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच एनआईए को सौंप दी है।

### राजमार्ग पर आवारा पशु सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार और अन्य को सुप्रीम नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की एक याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायालय ने देश के राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े विषयों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर जवाब मांगा है। 'लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' द्वारा दायर इस याचिका में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर विशेष रूप से दुर्घटना-संभावित हिस्सों पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने की मांग की गई थी।



# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा लाया गया महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। 190 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव को 6 अप्रैल 2026 को राज्यसभा के सभापति द्वारा खारिज किया गया। विपक्ष ने उन पर मतदाता सूची में हेरफेर और पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाए थे।

टीएमसी के नेतृत्व में विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिया था, लेकिन यह बजट सत्र में आगे नहीं बढ़ पाया। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची से नाम हटाने, चुनावी प्रक्रिया में पक्षपात और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। सीईसी को हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान महाभियोग की कठिन प्रक्रिया (विशेष बहुमत) की आवश्यकता होती है, जो भारत में अब तक किसी सीईसी के



■ **190 से अधिक सांसदों ने किए थे हस्ताक्षर**

■ **इतिहास में पहली बार आया था सीईसी को हटाने का प्रस्ताव**

खिलाफ नहीं हुई। यह भारत के संसदीय इतिहास में किसी सेवारत मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की पहली कोशिश थी। सूत्रों के मुताबिक इस पहल की शुरुआत टीएमसी ने की थी। पार्टी ने अन्य विपक्षी दलों को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए सहमत किया। इससे पहले टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने कहा था कि उनकी पार्टी संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव लाएगी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को संदेह के दायरे में डाल दिया गया है। राय का दावा था कि करीब 59 लाख मतदाताओं को एडजुडिकेशन लिस्ट में रखा गया है जो बेहद बड़ी संख्या है और इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल रहे। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, फिर भी उसने इस पहल का समर्थन किया है। कुछ निर्दलीय सांसदों के भी नोटिस पर हस्ताक्षर करने की जानकारी मिली थी।

### उप्र में RO व ARO परीक्षा का परिणाम घोषित, 419 सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 का परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में कुल 419 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिनमें 338 समीक्षा अधिकारी तथा 81 सहायक समीक्षा अधिकारी शामिल हैं। परिणाम के अनुसार अनिल पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि आदित्य प्रताप सिंह दूसरे तथा लक्ष्मी वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

# बागपत में तोतों के तीन तस्कर अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास से 170 दुर्लभ प्रजाति के तोते बरामद किए हैं। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए।

यह कार्रवाई मवीकला टोल के निकट एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने के बाद की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें सात प्लास्टिक के बक्से मिले, जिनमें तोतों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस और एनिमल



वेलफेयर एसोसिएशन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें तोतों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और बागपत पुलिस से संपर्क किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी खुर्शीद, मोहसिन और राजा के रूप में हुई है। फरार हुए दो साथियों के नाम शमीम और सोहराब बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि ये तोते राजस्थान से गाजियाबाद के लोनी ले जाए जा रहे थे। तस्कर एक निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर ही इन आरोपियों को पकड़ा गया। फिलहाल, बागपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

■ **आरोपियों से 170 दुर्लभ तोते बरामद**

# मुजफ्फरनगर में तीन को फांसी की सजा सुनाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सनसनीखेज कांड अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण हत्या और लाश को छुपाने के मामले में अदालत ने एक एतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि इस कांड के सहयोगी नौकर को सात वर्ष की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने इसमें दस लाख रुपये का आर्थिक दण्ड भी लगाया है। इस फैसले के बाद पीडित परिवार ने कोर्ट का शुक्रिया ही नहीं किया, राहत की सांस भी ली है।

बता दे कि 15 अक्टूबर 2019 को अधिवक्ता समीर सैफी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। काफी समय बाद भी जब समीर सैफी घर नहीं लौटे, तो परिवार की चिंता ने उन्हें थाने तक पहुंचा दिया था। अधिवक्ता के संबंध में नगर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई, जहां परिवार के लोग पुलिस समीर सैफी की तलाश में जुट गए थे। 19 अक्टूबर को अधिवक्ता समीर सैफी का शव भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी के जंगल में दबा हुआ मिला था। अधिवक्ता का शव मिलने के बाद यह मामला पूरी तरह सनसनीखेज बन गया था और इस मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने पाया था कि यह मामला 45 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद था। पुलिस ने गहनता से छानबीन की, तो सामने आया कि पहले समीर का अपहरण किया गया और कार में बैठाकर उनको सीकरी स्थित एक फार्म हाउस पर ले जाया गया, जहां गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को मिट्टी में दबा दिया था, यानी कि मुल्जिमों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से यह वारदात की थी, लेकिन आरोपी ज्यादा दिन तक कानून के शिकंजे से नहीं बच सके। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ रिजवान पुत्र अजहर खान निवासी गढ़ी गौरवान बकरा मार्किट, सिंगौर अल्वी पुत्र मुंतकी अल्वी व शालू उर्फ अरबाज पुत्र मशकूर खान निवासीगण गढ़ीगौरवान बकरा मार्किट थाना शहर कोतवाली आदि को जेल भेज दिया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के यहां विचाराधीन था। इस मामले में नौकर दिनेश पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम सीकरी थाना भोपा का रोल लाश छिपाने में दिखा गया था। यह गिरफ्तारी 20 अक्टूबर 2019 में की गई थी।

■ **कोर्ट ने अधिवक्ता के दोषियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

# भाजपा के स्थापना दिवस पर राष्ट्र प्रथम का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया।

श्री नवीन ने इस मौके पर भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के संकल्प को दोहराया और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी





राजनीतिक पार्टी बनने तक का यह सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और असम में एक चुनावी रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बधाई दी और राष्ट्र प्रथम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने उन अनगिनत कार्यकर्ताओं को भी याद किया, जिनके त्याग और बलिदान ने पार्टी के विकास को आकार दिया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी के रूप में खड़ी है, जो लोगों की भलाई को अपने दृष्टिकोण के केंद्र में रखती है। यह केंद्र और विभिन्न राज्यों में हमारे काम में भी झलकता है। भाजपा एक 'विकसित भारत' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक संकल्प इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता रहे और भारत को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है।

■ **'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होने की जरूरतः पीएम मोदी**

## संक्षिप्त समाचार

### भारी भूस्खलन से श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बारिश के कारण भूस्खलन और चटानों से पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सोमवार तड़के यातायात रोक दिया गया। इससे सैकड़ों गाड़ियां फंस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार आज सुबह करीब 3 बजे रामबन जिले में करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच सुरंगों में भूस्खलन और भारी पत्थर की घटना हुई, जिसकी वजह से हाईवे के दोनों तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। ट्रैफिक अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर और श्रीनगर से जम्मू आने वाली सभी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया गया है और फिलहाल किसी भी तरह की आवाजाही की अनुमति नहीं थी। संबंधित विभाग की टीमें सड़क को ठीक करने के लिए मौके पर हैं, लेकिन लगातार पत्थर गिरने के कारण काम पर असर पड़ रहा है। ट्रैफिक अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वे गैर-जरूरी यात्रा न करें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया राष्ट्र प्रथम का संकल्प

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को दोहराते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने पार्टी से जुड़े नेताओं ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन की यात्रा, संघर्ष और उपलब्धियों को याद किया। अपने संदेश में चौधरी ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा का उद्देश्य हमेशा राष्ट्रसेवा रहा है।

## कोविड जैसी अव्यवस्था अब एलपीजी संकट में भी है: राहुल

# श्रमिकों के लिए रसोई गैस हो गई पहुंच से बाहर

नई दिल्ली, वार्ता



■ रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हा जलाने के लिए पैसे नहीं

■ कूटनीति की मेज पर हुई चूक को स्वीकार नहीं कर रही सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी।

गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मोदी जी ने कहा था - एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया। बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर। हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है। रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं। नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो। उन्होंने कहा कि जो मजदूर कपघ मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। विनिर्माण क्षेत्र दम तोड़ रहा है। गांधी ने इस संकट की वजह बताते हुए कहा और यह संकट आया कहां से। कूटनीति की मेज पर हुई उस चूक से जिसे सरकार आज तक स्वीकार नहीं करती। जब अहंकार नीति बन जाए तो अर्थव्यवस्था चरमराती है, मजदूर पलायन करते हैं, उद्योग बर्बाद होते हैं और देश दशकों पीछे धकेल दिया जाता है। उन्होंने संकट के समय लोगों को चुप नहीं रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सवाल एक ही है कि हर संकट में सबसे पहले गरीब क्यों मरता है। चुप मत रहो। यह सिर्फ गरीब का नहीं, हम सबका सवाल है।

### पुड्डुचेरी के बेरोजगार युवकों को मिलेंगे दो हजार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पुडुचेरी में एक जनसभा को संबोधित किया और पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। गांधी ने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के हित में कई अहम वादों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलेगी। इसके साथ उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में 30 हजार नए रोजगार सृजित करने और महिलाओं को राहत के तौर पर पुड्डुचेरी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का वादा किया। वहीं सरकारी नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा को बढ़ाकर 40 वर्ष करने की भी घोषणा की गई है।

### पुड्डुचेरी का शासन स्थानीय लोग चलाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुड्डुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का वादा करते हुए कहा है कि वहां जनहित का शासन होना जरूरी है और इसके लिए शासन स्थानीय जनता द्वारा ही चलाया जाना चाहिए। गांधी ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि पुड्डुचेरी का शासन वहां की जनता द्वारा चलाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि पुड्डुचेरी में अगर कांग्रेस गठबंधन सरकार बनती है, तो वह जनहितकारी होने के वादों पर आधारित होगी।

# सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा

गोरखपुर, वार्ता



■ बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस पर बोले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। अंत्योदय से राष्ट्रोद के संकल्प की सिद्धि की है। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए योगी ने कहा कि विश्व के सबसे विशाल राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। भाजपा इंडिया मात्र एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी के उदात्त लोकतांत्रिक आदर्शों एवं सात्विक सनातनी जीवन मूल्यों से अभिसिचित एक जीवंत विचार परंपरा है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत यह राष्ट्रवादी परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ 145 करोड़ देश वासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को निरंतर शक्ति दे रहा है। भाजपा की यह विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है।

### इलाज खर्च में सरकार करेगी भरपूर मदद

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें और इलाज खर्च में सरकार भरपूर आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया और कहा कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अधिका. रियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

# यूपी में आज से नौ अप्रैल तक आंधी, बारिश व ओलों का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** पिछले दो दिन आंधी बारिश की मार झेलने के बाद सोमवार को फौरी राहत महसूस कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को एक बार फिर मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के बीच तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का दौर शुरू होकर 9 अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि आठ अप्रैल को तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जबकि इसके बाद फिर बढ़ोतरी होने की संभावना है। विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने की सलाह दी है।

# शराब नीति केस: अब 13 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली, वार्ता



■ केजरीवाल समेत 23 बरी के खिलाफ हाई कोर्ट में है याचिका

दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो खुद अपनी दलील पेश करेंगे। कोर्ट ने केजरीवाल की उस अर्जी को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता को सुनवाई से हटाने की मांग की है। अब अगली सुनवाई 13 अप्रैल को 2.30 बजे होगी।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता से मामले की सुनवाई से हटने की अपील की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील रखी। उन्होंने केजरीवाल की एप्लिकेशन का विरोध किया। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जज को हटाने के लिए कोर्ट में रिक्यूजल (सुनवाई से हटने) एप्लिकेशन फाइल की हैं। सॉलिसीटर जनरल ने उन्हें टोका और कहा कि ये हमारी एप्लिकेशन है। तुषार मेहता ने कहा कि कुछ लोगों ने आरोप लगाना अपना कैरियर बना लिया है। उन्होंने कहा कि इनके वकील मौजूद हैं, अगर खुद ही बात रखनी है, तो वकील क्यों हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 7 लोगों ने इस तरह की एप्लिकेशन दायर की है। धीरे-धीरे सभी आएंगे। उनको कोर्ट पर भरोसा नहीं है? उन्होंने एप्लिकेशन को रिजेक्ट किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने नियमों के तहत एप्लिकेशन फाइल की है और वो जिरह के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वो इस आवेदन पर खुद जिरह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में मैंने किसी को वकालतनामा नहीं दिया है। कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा कि क्या आप अपने केस की जिरह खुद करेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि वो खुद बहस करेंगे। तुषार मेहता ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। देश की राजधानी में न्यायपालिका पर आरोप लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जो लोग इस मामले में जज को सुनवाई से हटने के लिए अर्जी दाखिल करना चाहते हैं, उन्हें ऐसा करने दें। कोर्ट ने कहा कि ये मामला कोर्ट के सामने नहीं आया था। तुषार मेहता ने कहा कि हम अपना जवाब मंगलवार को पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप कोर्ट की अवहेलना है। केजरीवाल की जज बदलने की याचिका पर कोर्ट सोमवार को दोपहर 2:30 बजे सुनवाई करेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74106.85
निफ्टी 22968.25



सोना 148000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 231000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

**एक प्रतिशत से अधिक चढ़े प्रमुख सूचकांक**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिली और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 591अंक लुढ़कने के बाद दोपहर बाद हुई लिवाली से 787.30 अंक (1.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,106.85 अंक पर रहा। यह 25 मार्च के बाद पहली बार 74 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की बढ़त में 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी 25 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। रुपये में जारी तेजी और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के सकारात्मक आंकड़े आने से घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.29 फीसदी ऊपर रहा। तेल एवं गैस और मीडिया समूहों को छोड़कर सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। बैंकिंग, वित्त, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, धातु, एफएमसीजी और आईटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। एनएसई में कुल 3,346 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,511 के शेयर बढ़त में और 746 के नुकसान में बंद हुए। अन्य 89 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 3.94 फीसदी, टाइटन का 3.58, एलएंडटी का 3.19, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.06, बजाज फाइनेंस का 2.93, इंडिगो का 2.75, एचडीएफसी बैंक का 2.68 और बजाज फिनसर्व का दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.83 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.71, बीईएल का 1.35, भारतीय स्टेट बैंक का 1.29, आईसीआईसीआई बैंक का 1.25 और टाटा स्टील का 1.06 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### सोना 1.48 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.31 लाख प्रति किलो

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,283 रुपए बढ़कर 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 3 अप्रैल को इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी 3,215 रुपए बढ़कर 2.31 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.28 लाख रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 14,696 रुपए और चांदी 608 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल मजबूत, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही, जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा।

दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 2,785 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबोश स्थिर रहा। आटे की कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 24 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 22 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोली गई। चना दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 4,812 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 68.94 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 41 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 28 रुपये और सूरजमुखी तेल की 24 रुपये गिर गई। मूंगफली तेल 14 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत पांच रुपये और पाम ऑयल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7680.27 रुपये, मसूर काली 8071.11 रुपये, मूंग दाल 10154.82 रुपये, उड़द दाल 10792.06 रुपये, तुअर दाल 11265.18 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.56 रुपये और चावल 3855.55 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3271.92 रुपये प्रति क्विटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा उत्तर प्रदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दिव्यास्त्र एमके-1 दस हजार फिट उड़ान भर सकता है

**लखनऊ।** कभी अवैध हथियारों और 'तमंचों' के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश अब तेजी से अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इसी बदलाव की बानगी राजधानी लखनऊ में देखने को मिली है, जहां एक निजी स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित कर नई दिशा दी है।

तीन युवा उद्यमियों पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित कंपनी हॉवरिट ने 'दिव्यास्त्र एमके-1' नामक एडवांस यूएवी तैयार किया है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ सटीक हमले करने में सक्षम है। दिव्यास्त्र एमके-1 की प्रमुख विशेषताओं में 500 किलोमीटर की रेंज, लगभग 5 घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम शामिल हैं। यह ड्रोन 10,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है और करीब 15 किलोग्राम पेलोड ले जाकर सटीक निशाना साध सकता है। लागत के लिहाज से भी यह बाजार में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में किफायती बताया जा रहा है। स्टार्टअप के संस्थापकों के अनुसार प्रदेश में बेहतर नीतियों और यूपी डिफेंस कॉरिडोर जैसी पहल के चलते उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला है। कंपनी अब भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई करने की दिशा में काम कर रही है और शुरुआती ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। कंपनी भविष्य में 'एमके-2' वर्जन पर काम कर रही है, जिसकी संभावित रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके लिए डिफेंस कॉरिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जहां प्रति माह 20 ड्रोन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा कंपनी ने विभिन्न उपयोगों के लिए कई ड्रोन विकसित किए हैं, जिनमें निगरानी के लिए 'आंख' ड्रोन, 20 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला 'बाज' ड्रोन, बम गिराने वाले ड्रोन, वीटीओएल यूएवी (बिना रनवे के उड़ान भरने वाले) शामिल हैं।

# सेवा क्षेत्र में मार्च में बरकरार रही तेजी

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बावजूद इस साल मार्च में सेवा क्षेत्र की तेजी बरकरार रही। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी भारत सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च में एक ओर जहां नए कारोबार और सेवा गतिविधियों के विस्तार की गति जनवरी 2025 के बाद के निचले स्तर पर दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर विदेशों से मिले ऑर्डर में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी तेजी रही।मार्च में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 57.5 दर्ज किया गया, जो फरवरी के 58.1 से कम है। लगातार दूसरे महीने गिरने के बावजूद यह मजबूत विस्तार दिखाता है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि और इससे कम रहना गिरावट दिखाता है। वहीं 50 स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मार्च में मांग मजबूत बनी रही, जिसमें विदेशों से मिले नए ऑर्डरों में साल 2024 के मध्य के बाद की सबसे बड़ी तेजी का बड़ा योगदान रहा। भविष्य को लेकर सेवा प्रदाताओं की उम्मीद सकारात्मक है। लागत की मुद्रास्फीति में हालांकि साल 2022 के बाद सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली है, जो ईंधन, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ कारोबारी गतिविधियों की बात करें, तो इसमें 14 महीने की सबसे सुस्त वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया संकट का असर उत्पादन पर देखने को मिला है, क्योंकि इससे मांग, बाजार की परिस्थिति और पर्यटन प्रभावित हुआ है।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कैम्प लगाकर किसानों का पंजीकरण होगा

**लखनऊ।** किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। निर्देश दिए गए हैं कि शि. विरों के माध्यम से शेष कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और नाम या अन्य विवरणों में मौजूद त्रुटियों का मौके पर ही निराकरण किया जाए।

इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका तय की गई है, ताकि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कैंप के दौरान किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी दी जाए और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाया जाए। प्रदेश में अब तक 1,72,06,355 किसानों को पीएम किसान योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा चुका है, हालांकि अभी भी बड़ी संख्या में किसान पंजीकरण से वंचित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा, बल्कि भविष्य में कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी भी आएगी।

# कोर्ट ने तत्कालीन शहर कोतवाल कप्परवान और सीओ सिटी हरिश भदौरिया के विरूद्ध कार्रवाई को लिखा

**विवेचना में पाई गई कई गंभीर लापरवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** न्यायधीश ने अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण व हत्याकांड में ऐतिहासिक फेसला सुनाया है इसमें तो कोई दो राय नहीं है। कोर्ट ने इस मामले में विवेचना अधिकारी से लेकर मामले की छानबीन करने वाले तत्कालीन इस्पेक्टर और सीओ की भूमिका को भी बारिकी से परखा तो विवेचना में कई नये सवाल खडे हुए। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने नगर कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार कप्परवान और सीओ हरिष भदौरिया की भूमिका को भी संदिग्ध माना है। इस विवेचना में यह भी साफ हो रहा है कि इस्पेक्टर और सीओ ने दोषियों को लाभ पहुंचाने का कृत्य किया है। कोर्ट ने दोनो अधिकारियों के विरूद्ध एसएसपी से लेकर अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी को कार्यवाही के लिए लिखा है।

सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने अधिवक्ता समीर सैफी हत्याकांड को एक बड़ा जघन्य काड मानते हुए इसको गंभीरता से सुना।

सबसे पहले इस विवेचना में कई सवाल खडे हुए। जिसमें यह प्रतीक हो रहा है कि तत्कालीन विवेचना नगर कोतवाली के इंस्पेक्टर अनिल कुमार कप्परवान ने दोषियों को लाभ देने के उद्देश्य से साक्ष्य विधिपूर्ण तरीके से विवेचना नहीं की। इतना ही नहीं सीसीटीवी फुटेज जो कि इस मामले में अत्यंत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य है उन इलेक्ट्रोनिक अभिलेखों के एबाबत भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अनुरूप इकट्ठा नहीं किए गए। जिस तरह सुनवाई चलती रही उस तरह पुलिस की भूमिका की परते खुलती गई।

इस मामले में कैश डायरी में तत्कालीन सीओ सिटी हरिष भदौरिया का नाम और उनके हस्ताक्षर भी नहीं है।

यूं कहा जाए कि तत्कालीन क्षेत्र अधिकारी द्वारा जानबुझकर पर्यवेक्षण लापरवाही बरती गई है। बात यहीं नहीं रूकी आरोप पत्र से नायब चार्टेड एकाउंटेट अरशद का नाम भी निकाल दिया गया। जिसमें आधार दिखाया गया कि अरशद नायाब के ऑफिस में लगे कैमरे की फुटेज देखी गई तो घटना के समय अरशद नायाब अपने ऑफिस में मौजूद मिले, लेकिन इस बाबत विवेचना में कोई भी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख न्यायालय के समक्ष पेश नहीं किया गया जिससे यह प्रतीत होता है कि यह विवेचक और सीओ सिटी द्वारा साक्ष्य मुल्जिमों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जान बुझकर विवेचना में लापरवाही की गई है। यह भी स्पष्ट हुआ कि आरोपी अरशद नायाब चार्टेड एकाउंटेट का नाम भी आरोप पत्र में शामिल नहीं किया गया। विवेचना में लाप. रवाही को लेकर कोर्ट ने तत्कालीन कोतवाल अनिल कुमार कप्पवान, सीओ सिटी के विरूद्ध एसएसपी, अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी को कार्यवाही के लिए लिखा है।

# दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के समीपवर्ती गांव कुकडा में ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबरक चालक की मौत हो गई। घटना के समय ट्रैक्टर का धुरा और ट्रेक्टर-ट्रॉली की हिच टूट गई थी जिससे दर्दनाक हादसा हो गया वहीं दूसरी और पुरकाजी क्षेत्र के गांव के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव धंधेडा निवासी 40 वर्षीय बालेन्द्र पुत्र ताराचंद ट्रेक्टर-ट्रॉली पर मजदूरी करता था। वह प्लाट व सड़कों पर मिट्टी डालने का काम करता था और सोमवार को बालेन्द्र ग्राम कुकडा में एक खाली प्लाट में ट्रेक्टर-ट्रॉली से भराव कर रहा था। इसी बीच अचानक ही ट्रेक्टर का धुरा टूट गया जब वह ट्रेक्टर-ट्रॉली को पीछे करने लगा तो ट्रेक्टर-ट्रॉली का हिच भी टूट गया और अचानक ही ट्रेक्टर के दोनो पहिये ऊपर उठकर पलट गया। जिसमें बालेन्द्र की नीचे दबने से मोत हो गई। मृतक बालेन्द्र तीन बच्चों का पिता था। फिलहाल घटना से गांव में शोक छाया हुआ है।

वहीं दूसरी ओर पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव रजकल्लाहपुर निवासी 25 वर्षीय परिक्षीत कुमार पुत्र ओमपाल एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता था और वह अविवाहित था। सवेरे के समय वह अपने परिवार से मिलने घर आ रहा था जहां अचानक ही दुर्घटना होने के कारण परिक्षीत कुमार की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया तथा जांच पडताल के बाद पहचान होने पर इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और कार्यवाही की मांग की। अभी तक दुर्घटना करने वाले वाहन की जानकारी नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस ने पीएम कराने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

# जजमेंट के साथ लिखी कविता की हुई सराहना

**अधिवक्ताओं ने जजमेंट और कविता को सराहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ता अपहरण हत्या कांड को जहां पुलिस ने गंभीरता से लिया तो वहीं कोर्ट ने भी इसे एक गंभीर अपराध माना। न्यायाधीश ने एक ऐतिहासिक फेसला सुनाने के बाद अपनी लिखापढी में एक कविता भी शामिल की। उन्होने कविता में लिखा कि ''कचहरी की सीढ़ियों पर आज सन्नाटा कुछ बोल रहा है, यह कविता आज जहां पूरी कचहरी में चर्चा का विषय रही वही अधिवक्ता कांड के मामले में कोर्ट का अंतिम फैसला सुनने के लिए अधिवक्ताओं की कोर्ट के अंदर और बाहर काफी भीड़ थी। बताया जाता है कि इस सनसनी खेज कांड में शामिल सिंगौर अल्वी जेल में बंद था जहां आरोप सिद्ध होने के बाद उसको गिरफ्तार किया गया। कुल मिलाकर आज के इस ऐतिहासिक फेसले को लेकर पीड़ित परिवार में राहत महसूस हुई है।

# मुल्जिम शिंगौल परिवार के साथ करता रहा समीर की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ता समीर कांड में अंतिम फेसले के बाद जब परिवार से बात की गई तो उन्होने गमगीन अंदाज में बताया कि पन्द्रह अक्टूबर 2019 को समीर सैफी ने अपने चैम्बर का उद्घाटन किया था। और जब वह थक हारकर कचहरी से घर पहुंचा तो इस समय वह बडा थका हुआ था। इस परिवार में जावेद, दानिश, अफजाल और एक बेटी निशा है, जबकि समीर सैफी मौहम्मद अजहर का तीसरे नम्बर का बेटा था। घटना के दिन बड़ी भाभी बुशरा और मां नसरीन से समीर ने बात की। इस समय परिवार के लोग खाना बना रहे थे और कुछ देर बाद सभी लोग खाना खाने की तैयारी में लगे हुए थे। परिवार की बुशरा का कहना है कि शालू उर्फ अरबाज कई बार समीर को बुलाने उनके घर पर आया, लेकिन समीर थका होने तथा खाना खाने के बाद कहता रहा, लेकिन इसके बाद समीर अचानक ही लापता हो गया। मां और भाभी ने बताया कि समीर के गायब होने के बाद इस कांड में शामिल शिंगौल अल्वी अट्ठारह अक्टूबर तक उनके साथ घुमकर समीर की तलाश करते हुए परिवार को गुमराह करता रहा। वह अपने बेटे की आने की आश लगाए बैठे रहे, लेकिन उन्नीस अक्टूबर को उनके बेटे का शव मिल गया था। जब मां नसरीन ने यह कहा कि बेटे की मौत के बाद उन्होने कभी नये कपडे नहीं पहने तो लोगों की आंख भर आई। मां का कहना है कि पैसे के लालच में उसके बेटे को इतनी दर्दनाक मौत दी।



मुजफ्फरनगर: फांसी की सजा के बाद मुल्जिमों को ले जाती पुलिस।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू मजदूर सर्व समाज की हुंकार

**एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान मजदूर सर्व समाज संगठन के बैनर पर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों के साथ टाउन हक्क्ल स्थित विद्युत एक्सईएन कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ग़य्यूर के प्रतिनिधि नदीम खान ने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र सहित प्रदेश के विभन्न जनपदों में बिजली के स्मार्ट मिटर लगाए जा रहे हैं। जिनका किसान मजदूरों तथा आम उभोक्ताओं द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रिपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को ठगने का एक जरिया है ये लगने के बाद बिलों में अनियंत्रित वृद्धि की आशंका बनी हुई है जिससे पहले से ही महगाई और आर्थिक संकट झेल रहे लोग परेशान हो रहे है। कई स्थानों पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर। लगाने पहुंची टीमो और ग्रामीणों के बीच विवाद एवं तनाव कि स्थिती उत्पन्न हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता साफ शब्दों में कह रही है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी हाल में लगने नही चाहिये, इससे भविष्य में कानून व्यवस्था की गंभीर समस्या होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। सौंपे गए ज्ञापन में प्रीपेड मीटर को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बता दे कि स्मार्ट मीटर को लेकर हर जनपद में विरोध हो रहा है।

# अशोक स्तंभ पुनर्निर्माण की मांग को निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सम्राट अशोक स्तंभ पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले प्रतिनिधिमंडल के साथ दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सुजडू चौराहे पर स्थित स्वाधीनता चौक पर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ की स्थापना से पूर्व ही यहां अन्य प्रतिमा स्थापित करने वाले पालिका प्रशासन का विरोध किया उन्होंने कहा कि पूर्व में मंत्री बाबू हुकम सिंह के सानिध्य में इस चौक पर अशोक स्तंभ निर्माण कराई गई थी, जिसे हाल ही में नगर पालिका और एमडीए द्वारा सौंदर्याकरण के नाम पर हटा दिया गया उन्होंने इसका विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को अलमासपुर स्थित शिव मंदिर से अध्यक्ष पुष्पेंद्र सैनी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए अशोक स्तंभ को जल्द पुर्नस्थापित करने की मांग की।

समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सैनी ने बताया कि सुजडू चौराहे पर स्थित स्वाधीनता चौक पर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ की स्थापना पूर्व में मंत्री बाबू हुकम सिंह के सानिध्य में कराई गई थी, जिसे हाल ही में नगर पालिका और एमडीए द्वारा सौंदर्याकरण के नाम पर हटा दिया गया। उन्होंने इसे असंवैधानिक बताते हुए कहा कि प्रशासन ने पुनः स्थापना का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं अखिलेश जाटव ने कहा किसम्राट अशोक के समय अखंड भारत की अवधारणा साकार हुई थी, ऐसे में इस प्रतीक को हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अशोक स्तंभ एक राष्ट्रीय धरोहर है और उसका भव्य पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जाएगा।

# महंगी किताबों के विरोध में अभिभावकों की हुंकार

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा ने निजी स्कूलों द्वारा महंगी किताबें बेचने के विरोध में अभिभावकों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है।अभिभावक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूलों में दाखिले के समय ही अनिवार्य किताबों की सूची थमा दी जाती है और अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन द्वारा तय किए गए चुनिंदा बुक स्टोर से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बाजार में सस्ती उपलब्ध किताबें इन निर्धारित दुकानों पर कई गुना अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 रुपये की किताब 70 से 80 रुपये तक में बेची जा रही है, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि इस मनमानी पर जल्द रोक नहीं लगाई गई तो वे अपने बच्चों का नाम स्कूल से कटवाने को मजबूर होंगे।

# मुख्यमंत्री नौ को नहीं 13 को आएंगे

**आगमन की तिथि बदलने से अफसरों को राहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुजफ्फरनगर आगमन को लेकर तिथि में बदलाव किया गया है, अब मुख्यमंत्री 9 अप्रैल के स्थान पर 13 अप्रैल को जनपद आएंगे। मुख्यमंत्री का आगमन कार्यक्रम बदले जाने के बाद अफसर ने राहत की सांस ली है, क्योंकि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अभी तैयारी अधूरी थी, जिससे अब युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। हालांकि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को ही योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर नुमाइश ग्राउंड का भ्रमण किया था। इस दौरान डीएम और एसएसपी भी मौजूद रहे थे।

राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 9 अप्रैल के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री जनपद में आयोजित रोजगार मेले में शिर. कत कर युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने थे। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाना था। तिथि में हुए इस बदलाव के बाद जिला प्रशासन ने नए सिरे से तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।



मुजफ्फरनगर: मुख्यमंत्री के आगमन स्थल का निरीक्षण करते मंत्री डीएम और एसएसपी।

# बड़ौत रूट की प्राइवेट बसों की शहर में नो एंट्री

## राकेश टिकैत ने एआरएम से मिलकर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बड़ौत डिपों की अनुबंधित बसों को शहर में प्रवेश न मिलने से नाराज भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से मिलकर एक तरफा कार्यवाही का विरोध करते हुए कहा कि यदि रोक लगानी है तो तो सभी बसों पर लगनी चाहिए, स्पेशल प्राइवेट बसों पर क्यों। क्षेत्रीय प्रबंधक ने इस मसले को लेकर जिलाधिकारी से बात करने का आश्वासन दिया है।

दरअसल जिला प्रशासन के आदेश पर इस बड़ौत रूट की प्राइवेट बसों का शहर में वहलना से आगे प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। शहर में बढ़ते यातायात दबाव और परिवहन निगम की आय बढ़ाने की गरज से बड़ौत

डिपों से अनुबंधित 20 के करीब बसों का प्रवेश कुछ दिन पहले रोक दिया गया था। इन बसों को वहलना से आगे जाने नहीं दिया जा रहा है।

इस फैसले को लेकर ट्रांसपोर्टर काफी नाराज है, वो अधिकारियों से मिलकर अपना पक्ष रख चुके है, लेकिन उन्हें किसी तरह की राहत नहीं मिली है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सोमवार को इनके समर्थन में रोडवेज बस स्टैंड स्थित एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा के ऑफिस पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्राइवेट बसों के शहर में रोक के फैसले पर एतराज जताया।

उन्होंने कहा कि इस रूट की बसों के लिए क्यों यह स्पेशल आदेश दिया गया है। यदि संचालन बंद ही करना है, तो तमाम रूट की बसों पर रोक लगाई जाए।

एआरएम का कहना था कि जिला प्रशासन के आदेश पर बड़ौत रूट की अनुबंधित बसों को शहर में आने से रोका गया है। वो इस मामले में जिलाधिकारी से मिलकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराएंगे। जिलाधिकारी जिस तरह के भी निर्देश देंगे, उसका पालन किया जाएगा।

# आखिर पीनना में हुई चोरी का क्या है राज ?

## पति-पत्नी के बयान, कैमरे की फुटेज, घटना स्थल की जांच से खुलेगा राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिनना में परिवार को बंधक बनाकर की गई लूटपाट के मामले को कई दिन बित चुके है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही, हालांकि पुलिस इस मामले में कई पहलुओं पर जांच भी कर रही है। पुलिस इस बात को लेकर हैरत में है कि आखिर घर का जेवर इतनी गोप. नीय जगह रखा था तो उस जगह बदमाश उसको ले जाने में कैसे सफल हो सकते है। ऐसी अंजान जगह तो कोई परीचित ही कर सकता है।

घटना के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले छानबीन के दौरान कमरों का सामान पुरी तरह खुर्द-बुर्द था और पत्नी किसी काम से गई हुई थी।

पुलिस फिलहाल इस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है और कई अन्य पहलुओं पर भी पुलिस की जांच शुरू हो गई है। बता दे कि गांव पिनना में रवि के मकान में घुसे बदमाशों ने पूरे परिवार को बंधक बना लिया था। इस समय घर पर रवि और उसके तीन बच्चे मौजूद थे पत्नी किसी काम से गई हुई थी। जैसा की पीड़ित ने पुलिस को बताया कि करीब पौन घंटा बदमाश घर में रहे और सभी सामान समेटने के बाद फरार हो गए। पुलिस सबसे पहले इस पर गहनता से मंथन कर रही है कि आखिर साढ़े तीन घंटे बाद ग्राम प्रधान के माध्यम से उन्हे चोरी की जानकारी मिली।

आखिर सूचना देने में इतना समय क्यो लगाया? पुलिस इस पहलु पर भी जांच पडताल कर रही है कि जिस जगह कीमती सामान रखा हुआ था बदमाशों को इसकी जानकारी कैसे हुई? रवि और उसकी पत्नी के बयान भी मैच नहीं खा रहे है।

फिलहाल इस तरह के कई पहलु है जिस पर पुलिस जांच तो कर रही है और इसको संदिग्ध भी मान रही है, हालांकि हम अपनी ओर से तो यह बात नहीं कह रहे है, लेकिन ग्रामीणों में यह चर्चा है कि रवि ने घर के किसी कोने में जेवर गाढ रखा था और यह जानकारी तो किसी नजीदीकी के पास ही हो सकती है।

पुलिस ने रवि और उसकी पत्नी के बयान ग्रामीणों से की गई जानकारी सीसीटीवी कैमरों की ली गई फुटेज, घटना स्थल का किया गया मौका मुआयना इन सभी पहलुओं पर जांच पडताल की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा और पुलिस खुलासे के काफी नजदीक भी पहुंच गई है, क्योकि आरोपी बहुत नजदीकियों को बताया जा रहा है।

# ताले तोड़कर जेवर, नकदी चोरी

## परिवार गया था रिश्तेदारी में, पुलिस छानबीन में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र के गांव पलडी में विगत दिवस हुई चोरी की वारदात में पुलिस अभी तक छानबीन में जुटी है, लेकिन कोई नतीजा सामने नहीं आ सका। घटना के समय परिवार के लोग एक शादी समारोह में गए थे जहां बदमाशों ने मकान के ताले तोडकर यहां लाखों की नगदी, जेवर साफ कर दिया था। पुलिस घटना के दिन से ही खुलासे का दावा कर रही है, लेकिन अभी तक सीसीटीवी कैमरे, पुलिस की जांच और आसपास के लोगों से की गई जानकारी भी काम नहीं आ रही।

बताया जाता है कि गांव पलडी निवासी सलमान पुत्र मोबीन पांच अप्रैल की सवेरे अपने परिवार के साथ अपनी भतीजी को लेने उसकी ससुराल गया था। घर पर ताले लगे हुए थे।

बताया जाता है कि दो अप्रैल को सलमान की भतीजी नरगिस का निकाह जनपद मेरठ के गांव अकबरपुर में हुआ था। जब रात्रि करीब साढ़े नौ बजे सलमान और उसका परिवार घर वापस लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। कमरे के ताले भी टूटे हुए मिले थे और अलमारी के ताले तोडकर उसका सामान भी खुर्द-बुर्द भी कर रखा था। जैसा की पीड़ित का कहना है कि अलमारी में लाखों रूपये के जेवर और करीब पौने दो लाख की नगदी रखी हुई थी जिसको बदमाश अपने साथ ले गए। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। काफी देर तक पुलिस जांच पडताल में जुटी रही इसके बाद पुलिस ने तहरीर लेकर इस मामले को दर्ज कर लिया है अब चोरी के इस खुलासे के लिए पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों की तलाश में जुटी है।

# जनपद में 8 नए जजों की हुई तैनाती

**मुजफ्फरनगर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर जारी वार्षिक स्थानांतरण 2026 की सूची में प्रदेश से 266 एडीजे के तबादले किए गए है। जिसमें मुजफ्फरनगर में आठ नये जजों की तैनाती की गई है जबकि सात न्यायिक अधिकारियों को दूसरे जनपदों में स्थानांतरण किया। इसमें प्रतिभा सक्सेना आगरा, अनुराग पंवार लखनऊ, ज्योत्सना सिवाच लखनऊ, शिवकुमारी बदायू, चित्रा शर्मा हाथरस, महेश नंद झा पीलिभीत, मनोज कुमार सिधु और गरीमा सिंह शाहजहांपुर आदि शामिल है। इसमें एक दम्पत्ति को एक ही जनपद में तैनात किया गया है।

# खतौली में स्वच्छता अभियान फेलः सड़कों पर कूड़े के ढेर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का संदेश लगातार दिया जा रहा है, लेकिन खतौली कस्बे में इसकी जमीनी हकीकत चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों और कॉलोनियों के किनारे जमा कूड़े के ढेर स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं।

हालात इतने खराब हैं कि लोगों को इन रास्तों से गुजरते समय मुंह ढकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा कूड़ा उठाकर उसे सड़कों के किनारे ही डाल दिया जाता है, लेकिन उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था नजर नहीं आती। कई स्थानों पर बने कूड़ाघर जर्जर अवस्था में हैं, जिनमें न तो चारद. ीवारी है और न ही नियमित सफाई की कोई प्रभावी योजना। नतीजतन, कचरा बाहर फैलकर सड़कों तक पहुंच जाता है और आसपास का वातावरण दूषित बना रहता है। हालांकि, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सफाई के दावे किए जा रहे हैं और वार्डों में नियमित सफाई की बात कही जा रही है, लेकिन जमीनी स्थिति इन दावों से बिल्कुल अलग है। बुढाना मार्ग, सैनी नगर, रेलवे रोड और श्यामपुरी जैसे इलाकों में सड़कों किनारे कूड़े के ढेर आम ख्रश्य बन चुके हैं। इन ढेरों से उठने वाली तीखी दुर्गंध राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। वहीं, आसपास स्थित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी रोजाना गंदगी के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिक. ूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़े के कारण मच्छर और मक्खियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि कूड़े के निस्तारण के लिए ठोस व्यवस्था की जाए, कूड़ाघरों को सुरक्षित बनाया जाए और कचरे को नियमित रूप से कस्बे से बाहर निर्धारित स्थान पर डंप किया जाए। अब यह देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या पर प्रभावी कदम उठाता है और खतौली को स्वच्छ बनाने की दिशा में वास्तविक प्रयास करता है।



# सुख सुविधाओं को त्याग कर ही ताकत मिलती है : अकीलुलगरुवी

**भोपा।** बेलडा निवासी स्वर्गीय मुमताज अली जैदी की याद में मजलिसे चेहल्लुम का आयोजन किया गया जिसमें स्वर्गीय समाजस. ेवी को श्रींजलि अर्पित करते हुए उनकी सेवाओं पर प्रकाश डाला गया साथ ही धर्मगुरु द्वारा कुरान की विशेष आयते पाक की व्याख्या कर उसके लाभ बताये गए।

भोपा क्षेत्र के गांव बेलडा में मजलिस चेहल्लुम का आगाज़ हुसैन हैदर द्वारा पेश ख्वानी कर किया गया।हैदर मेंहदी ने मर्सिया ख्वानी की जिसके उपरांत मौला अली व इमाम हज़रत हुसैन की शान में साहित्य कलाम प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि मौलाना सय्यद अकिलुल गरुवी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इंसान को कठिनाईयों से कभी नही घबराना चाहिये।परेशानिया इंसान को मजबूत बनाती हैं।सुख सुविधाओं को त्यागने शारीरिक बल मिलता है।कुरान की मुख्य सूरत यासीन शरीफ की तिलावत का विशेष महत्व और बड़ा लाभ है। सच्चे मन से तिलावत करने से अल्लाह की निकटता प्राप्त होती है।दुनिया मे रहकर इंसान यह अंदाजा नही लगा सकता कि अल्लाह अपने नेक बन्दों को किस प्रकार से नवाजता है।मुहब्बत की श्रेष्ठता तब है जब उसमे मोह न हो ,बिना कहे एक दूसरे की परेशानी का पता चल जाये।और निस्वार्थ एक दूसरे की परेशानी में काम आया जाए। इबादत जहन्नुम के भय से नही अल्लाह की श्रेष्ठता को मानकर करें।इस दौरान गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय मुमताज़ अली जैदी की सामाजिक सेवाओ पर भी प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से मौलाना शबाब, मुफ्ती जुल्फिकार अली, डॉ. हाशिम रजा जैदी, मौलाना शफीक, मौलाना फसीह,इरम अली जैदी, आजम अली जैदी ,शराफत खान, रिहान हुसैन, शाहिद आलम आदि मौजूद रहे।



# भाजपाई मौहम्मद शाहिद के यहां मना भाजपा स्थापना दिवस

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया संयोजक बुढ़ाना मंडल और पूर्व सभासद प्रत्याशी वार्ड नंबर 11 मौहम्मद शाहिद के कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला काजीवाड़ा में स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी का झण्डा फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया। राष्ट्रनिष्ठा, सिद्धांतों और विचारधारा के बल पर देश में सुशासन देने वालू ब्श्वि के सबसे बड़े राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी भाजपाईयों को मौहम्मद शाहिद ने कहा कि आज के समय में मोदी और योगी की डबल इंजन की सरकार के द्वारा ज़रूरतमंद मुस्लिमो को भी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका ब्श्विास के नारे के साथ मोदी और योगी की डबल इंजन की सरकार में विकास की गंगा बही है। जो कि काबिले तारीफ़ है। मौहम्मद शाहिद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का कमल देश के विभिन्न राज्यों में निरंतर खिल रहा है। पार्टी देश में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का वातावरण सुख्रढ़ कर रही है। भारतीय जनता पार्टी देश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नेतृत्व उसी दिशा में कार्यरत है। जिससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और अधिक सुख्रढ़ हो सके। यहां पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपाईयों में आरिफ सिद्धीकी, आरिफ तीरगर, मोबीन अहमद, साजिद अहमद, साकिब अहमद, नदीम तीरगर मौजूद रहे।

# छह दिवसीय प्रारंभिक वर्ग प्रशिक्षण शिविर का समापन

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्र सेविका समिति, लक्ष्मीनगर की बालिकाओं/ महिलाओ द्वारा लगाये गए 6 दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग का समापन। राष्ट्र सेविका समिति लक्ष्मीनगर (मेरठ प्रांत) के द्वारा भागवंती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में 6 दिन का अभ्यास वर्ग 31 मार्च से 5 अप्रैल तक के लिए लगाया गया जिसमें 2 विभाग लक्ष्मीनगर और सहारनपुर की लगभग 50 बालिकाओं और महिलाओं ने प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग किया । बहनों द्वारा आत्मरक्षा करने के लिए कराटे, योग ,खेल, बौद्धिक विकास , शारीरिक विकास का अभ्यास किया गया । साथ में दंड चलाने का अभ्यास भी कराया गया । आज वर्ग के अंतिम दिन भागवन्ती स्कूल में लगाए गए शिविर में शिक्षार्थियों द्वारा सीखे गए व्यायाम, नियुद्ध, यष्टि, दंड चलाने आदि का प्रदर्शन किया गया और एक बालि. का द्वारा महिषासुर मर्दिनी पर बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य वकता सरिता भाटिया (क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख) ने समिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्धेश्य बहनों का सर्वांगीण विकास, बौद्धिक विकास एवं चारित्रिक विकास को बढ़ाना हैं वर्ग अधिकारी एवं जिला संचालि. का मंजू महेश्वरी ने शिक्षार्थियों को आशीर्वचन एवं सभी आगुन्तको का आभार व्यक्त किया। जिला कार्य वाहिका नीति अग्रवाल ने बताया वर्ग में 42 शिक्षार्थी 8 शिक्षिकाएं एवं 15 व्यवस्था की बहिने रही लक्ष्य के अनुसार 10 शाखाएं लगी बहनों को समाज में सतर्क रहने हेतु केरला 2 फिल्म भी दिखाई गई वर्ग में विभाग कार्यवाहिका डा. अरुणा गर्ग, विभाग बौद्धिक प्रमुख सुनीता गौड़, जिला बौद्धिक प्रमुख कुसुम बंधु , जिला व्यवस्था प्रमुख प्रीति गुप्ता, जिला शारीरिक प्रमुख सुचित्रा सैनी , जिला सह संपर्क प्रमुख अनु अग्रवाल, जिला सह व्यवस्था प्रमुख अंशु गर्ग, नगर सह कार्यवाहिका सुशील राठी, नगर शारीरिक प्रमुख मीनाक्षी, सीमा तायल, मिथलेश , रागिनी, मीरा शर्मा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया ।।



# शारदेन की आरिका गौर ने रीडिंग चैलेंज में रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शारदेन स्कूल की छात्रा आरिका गौर ने इंग्लिश रीडिंग चैलेंज 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। कक्षा 9 की छात्रा आरिका गौर इस प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा रहीं।

साथ ही, देहरादून क्षेत्र से चयनित दो विद्यार्थियों में भी उनका स्थान रहा।यह उल्लेखनीय है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा रीडिंग चैलेंज 2025-26 का आयोजन अगस्त से अक्टूबर 2025 के बीच किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की आजीवन रुचि विकसित करना तथा उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक कौशलों को सुदृढ़ करना था।इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के CBSE से संबी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरिका गौर की इस उपलब्धि पर विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। उनकी इस सफलता को विद्यालय के डायरेक्टर विश्व रतन एवं प्रधानाचार्य धारा रतन ने बहुत सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्य छात्रों को भी इस तरह की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



# समर्पित युवा समिति ने फिर से कराया नेत्रदान

**मुजफ्फरनगर।** रकतदान के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शकित के द्वारा चलाए जा रहे अभियान जीते जी रकतदान जाते-जाते नेत्रदान का सकारात्मक असर अब देखने को मिलने लगा है लोग अब रकतदान के साथ-साथ नेत्रदान के क्षेत्र में भी स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं इसी की बानगी देखने को मिली जब 6 अप्रैल को आर्य पुरी निवासी कृष्णा देवी का देहांत हुआ तो उनकी उनके पुत्र विनोद तरुण अरोड़ा एवं गुंजन अरोरा ने उनकी इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान का फैसला लिया इसके लिए तरुण अरोड़ा ने अपने मित्र सभासद सतीश कुकरेजा को संपर्क किया सतीश कुकरेजा समर्पित युवा समिति से जुड़े हैं अत: उन्होंने अपने साथी और समर्पित युवा अमित पटपटिया को परिवार की इच्छा से अवगत कराया अमित पटपटिया से मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में संपर्क की तो वहां से अनुभवी डाक्टरों की टीम ने आकर कृष्णा देवी का नेत्रदान संपन्न करवाया डाक्टर के अनुसार दोनों कार्निया स्वस्थ हैं और भली प्रकार से संरक्षित करके जल्दी ही दो जरूरतमंद मरीजों को नेत्र ज्योति प्रदान की जाएगी इस अवसर पर समर्पित युवा समिति से हितेश आनंद एवं संदीप राज तथा समर्पित महिला शकित से मनी पटपतिया व प्रीति कुकरेजा भी उपस्थित रही अमित पटपतिया ने बताया कि समर्पित युवा समिति के माध्यम से अभी तक 16 लोगों के नेत्रदान के माध्यम से 32 जरूरतमंद लोगों को मित्र ज्योति मिल चुकी है साथ ही सभी को अरोड़ा परिवार से प्रेरणा लेते हुए नेत्रदान के क्षेत्र में आगे आने की अपील की।



# चेकिंग में फंसे बाइक चोरः खतौली पुलिस की कार्रवाई में तीन गिरफ्तार

**खतौली।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान तीन शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जिसे कुछ दिन पहले क्षेत्र के भूड़ गांव से चुराया गया था।

जानकारी के अनुसार, फ़ेदा मार्ग स्थित ओवरब्रिज के पास पुलिस नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत देने पर युवक भागने लगे और मेरठ की दिशा में तेज रफ्तार से बाइक दौड़ा दी। इस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों को कोतवाली लाकर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई। आरोपियों की पहचान कार्तिक पुत्र विजयपाल निवासी शिवपुरी, वंश पुत्र अनिल निवासी गीतापुरी भूड़ और सुमित पुत्र महावीर निवासी आर्यपुरी भूड़ के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद बघेल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनके खिलाफ़ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।


सम्मन वास्ते कराराबाद उमुर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान विशेष गैंगस्टर / ए0डी0जे0 कोर्ट नं0 5, मुजफ्फरनगर।**

जी0सी0 वाद सं0-62 सन् 2026

1. श्रीमति मोनिका पत्नि गौरव तेजयान आयु 32 वर्ष (सगी भाभी), 2. कमल कुमार पुत्र स्व0 चमन सिंह आयु 28 वर्ष (मंदबुद्धि) देवर, वली व संरक्षिका श्रीमति मोनिका पत्नि गौरव तेजयान निवासीगण 147/112, जानसठ रोड, भरतिया कालोनी, कम्बल वाला बाग, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासीगण 6-ए, रामपुरम कालोनी, गली नं0 2, विकास भवन के सामने, मेरठ रोड, थाना खालापार, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। ...पैटीशनर्स

बनाम

1. गौरव तेजयान आयु 32 वर्ष (सगा भाई), 2. सौरभ आयु 29 वर्ष (सगा भाई) पुत्रगण स्व0 चमन सिंह निवासीगण 147/112, जानसठ रोड, भरतिया कालोनी, कम्बल वाला बाग, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासीगण 6-ए, रामपुरम कालोनी, गली नं0 2, विकास भवन के सामने, मेरठ रोड, थाना खालापार, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 3. श्रीमति सीमा रानी पुत्री स्व0 चमन सिंह पत्नि तरूण कुमार आयु 34 वर्ष निवासी शाहमुजफ्फरपुर उर्फ चमडा वाला, नगीना, बिजनौर, तहसील व थाना नगीना, जिला बिजनौर उ0प्र0। ......रैस्पॉन्डेन्टस

दरगाह वादी ने वाद वास्ते अन्तर्गत धारा 14 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 (RPWD Act. 2016) न्यायालय में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख के बवक्त 10:00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो गैंगस्टर दिनांक 13.05.2026 जो मुकदमे हालात से करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहमद मुतालका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर और जवाबदेही दावा करे। उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही का ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्बत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख जारी किया गया।

दिनांक- 1/04/26

आज्ञा से

**न्यायालय श्रीमान विशेष गैंगस्टर/ ए0डी0जे0 कोर्ट नं0 5, मुजफ्फरनगर।**



**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं0 2993/15-03-2022 में नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरी पुत्री का नाम जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम नबिहा नाज है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। पंजीकरण हेतु आवेदन सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ. शाकिर पुत्र शकील अहमद**
**निवासी मकान नं० 388,**
**रामलीला टिल्ला मुजफ्फरनगर**



**समन** वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब(आर्डर 5 कायदा । व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु. नगर** वाद सं. टी-202509550603742 सन 2025 1. श्रीमती शिवानी पत्नी स्व. श्री उमेश कुमार 2. देवसिंह ना.बा. आयु 04 वर्ष पुत्र स्व. उमेश कुमार वली व संरक्षिका माता श्रीमती शिवानी निवासी ग्राम पल्हेडा, पल्लवपुरम तहसील सरधना जिला मेरठ। मो0 8791143826 .... **प्रार्थी/वादी** बनाम 1. कुलदीप कुमार पुत्र श्री सुन्दर सिंह 2. महेन्द्र सिंह पुत्र रूग्गड सिंह 3. राजेन्द्र सिंह पुत्र रूग्गड सिंह 4. सुन्दर सिंह पुत्र श्री चौहल सिंह 5. संदीप कुमार पुत्र श्री सुन्दर सिंह निवासी ग्राम सराय रसूलपुर, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर 6. सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री देवकरण निवासी ग्राम मुर्करबपुर पल्हेडा तहसील सरधना जिला मेरठ। 7. गांव सभा बुआडा कलां द्वारा प्रधान ग्राम बुआडा कलां परगना व तहसील खतौली जनपद मु.नगर। ........ **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा-116 (3) उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम- बुआडा कलां परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 13/04/26 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 30/03/2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**


# आशादीप मंदबुद्धि एवं मूक-बधिर दिव्यांग संस्थान में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि दिव्यांग प्रशिक्षण संस्थान,जानसठ रोड मे नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ यज्ञ हवन-पूजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर पण्डित दिनेश शास्त्री जी ने यजमान एवं रामबीर सिंह से पूजन कराकर हवन का शुभारंभ किया।

सर्वप्रथम संस्थान के अध्यक्ष इंजी. लोकेश चंद्रा, संरक्षक सुरेंद्र अग्रवाल,उपाध्यक्ष इंजी बीआर शर्मा, मंत्री इंजी आरके गोयल, उप मंत्री इंजी पीके गुप्ता, श्यामलाल बंसल, इंजी केके शर्मा,रामबीर सिंह,राजकुमारी, प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से माल्यार्पण किया। समस्त पदा. धिकारीगण एवं संस्थान के स्टाफ ने बच्चों के साथ हवन में आहुतियों के साथ हवन सम्पन्न हुआ। राजकुमारी ने समस्त दिव्यांग बालक-बालिकाओ एवं स्टाफ को चाकलेट आदि का वितरण भी किया। आरती के उपरांत उपस्थित सम्मानित गणमान्य जनों,बच्चों एवं स्टाफ को मिष्ठान प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा, शिक्षिका रीना चौधरी, शिवानी त्यागी,जीवनी बंसल, मीना सिंह, पवन बंसल, मुरली, सोनी, कपिल, सचिन, राजेश ,अंजू पाल, प्रतीक आदि का विशेष सहयोग रहा।



सुजड़ू स्थित चौराहे का पुराना नाम बहाल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।


**कार्यालय ग्राम पंचायत परासौली विकास खण्ड बुढाना ( मु. नगर )**

पत्रांक-मीमों / ग्रा.पं. / माधव गौशाला ट्रस्ट / भूसा टैण्डर / 2026-27 दिनांक-07.04.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बुढ़ाना की माधव गौशाला ट्रस्ट परासौली के गौवंश के भरण-पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भूसा, हरा चारा, चौकर, खल, साईलेज आवश्यकतानुसार खरीदा जाना है। कृपया सभी इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में तैयार कर दिनांक 09.04.2026 तक कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत परासौली में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 09.04.2026 को प्राप्त सभी सीलबंद लिफाफे 4:15 बजें को सचिव/ प्रधान/ माधव गौशाला ट्रस्ट परासौली के द्वारा निविदाताओ के समक्ष खोले जायेंगे। टेन्डर प्रपत्र जमा कर दिनांक 09.04.2026 के अपराह्व 2:00 तक कार्यालय ग्राम पंचायत परासौली में हार्ड कॉपी में जमा किया जाएगा। निविदा के संबंध में सभी नियम व शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस कार्यालय में जाकर कर सकते हैं।

**टेन्डर की शर्ते निम्न प्रकार है:-**

1- जिस दर पर टैण्डर डाले जायेगे पूरे वर्ष उसी दर पर देय होगा। 2- भूसा, हरा चारा, चौकर, खल, साईलेज की क्वालिटी उत्तम होनी चाहिए। 3- भूसा, हरा चारा, चौकर, खल, साईलेज की आपूर्ति का अनुबन्ध माधव गौशाला ट्रस्ट परासौली व टेण्डर कर्ता के बीच होगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**ग्राम पंचायत - परासौली विकास खण्ड बुढाना, मु.नगर**


# राकेश टिकैत ने किया लाईब्रेरी का उद्घाटन



**पुरकाजी।** सोमवार को कस्बे मे अमूल्य जीवन ट्रस्ट द्वारा 47वां नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर एवं नि:शुल्क लाइब्रेरी का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन भाकियु राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट द्वारा किया गया हैअमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट एवं जगत बंधु सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को HN 334। पुरकाजी लक्सर रोड पर स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल प्रांगण में 47वां नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर एवं नि:शुल्क लाइब्रेरी उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत एवं नगर चौयरमैन जहीर फारूकी तथा थाना प्रभारी निरीक्षक जयवीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार बैटरी रिक्शा, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, बैसाखी आदि उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए, जिससे उनके जीवन को सरल एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी।इसके साथ ही, क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नि:शुल्क लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया गया। यह लाइब्रेरी स्थानीय बच्चों एवं युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने तथा उनके भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा निरंतर ऐसे जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं0 6077 दिनांक 15-06-2012 में गलती से पुत्र का नाम कृष्णा व मेरा नाम विकास त्यागी व मेरी पत्नि का नाम सोनिया त्यागी हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम कृष्णा त्यागी (KRISHNA TYAGI) और मेरा नाम विकास कुमार (VIKAS KUMAR) व मेरी पत्नि का नाम सोनिया (SONIYA) है, और भविष्य में भी इन्ही नामों से जाना जायेगा।

**विकास कुमार** पुत्र श्री राकेश कुमार, निवासी: ग्राम रोहाना खुर्द तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक-मु.चि.अ./एन.एच.एम./वॉक-इन-इन्टरव्यू/2026-27/ दिनांक-04/04/26

**-:संशोधन सूचना:-**

कार्यालय अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या- मु.चि.अ./एन.एच.एम./चि.अ./वॉक-इन-इन्टरव्यू/2025-26/1258 दिनांक 24.03.2026 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सर्जित एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों (संविदा) के रिक्त पदों पर वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया हेतु आपके सामाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। जो किसी अपरिहार्य कारण से अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती है।

**( डा. सुनील तेवतिया )**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर**



**सूचना**

मेरी शादी वंश/संजय पुत्र रमेश ग्राम अलाउदीनपुर थाना झिंझाना जिला शामली के साथ हुई थी। मेरे पति ने अपना नाम परिवर्तन करके संजय से वंश कर लिया है। जिसकी प्रत्येक आई.डी. में अब संजय की जगह वंश करा लिया है। संजय को ही वंश कहते है। संजय / वंश पुत्र रमेश के नाम का गांव में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। अब मेरे पति द्वारा वोटर लिस्ट, आधार, पेनकार्ड आदि में अपना नाम वंश करा लिया है। अब मेरे पति का नाम संजय की जगह वंश ही पढ़ा जाये।

**श्रीमति पूजा पत्नि वंश/संजय**
**निवासी ग्राम अलाउदीनपुर**
**थाना झिंझाना जिला शामली**

# गैस आपूर्ति पर सवाल: ओटीपी बहाना, उपभोक्ताओं से हो रही भारी वसूली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में रसोई गैस वितरण व्यवस्था इन दिनों गंभीर अव्यवस्था का शिकार हो गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसियों और वेंडरों की मनमानी के चलते न सिर्फ समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा, बल्कि निर्धारित मूल्य से अधिक रकम भी वसूली जा रही है।

बताया जा रहा है कि गैस डिलीवरी के लिए जरूरी ओटीपी या डीएसी नंबर न मिलने पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने से साफ इनकार कर दिया जाता है। वहीं, यदि कोई उपभोक्ता बिना ओटीपी के गैस लेने पहुंचता है, तो उससे तय कीमत से करीब 1000 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। इस तरह 920 रुपये के सिलेंडर के लिए लोगों से लगभग 1920 रुपये तक की मांग की जा रही है। सैनी नगर के एक उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि एजेंसी पर पहुंचने पर उसे बिना ओटीपी गैस देने से मना कर दिया गया और अतिरिक्त भुगतान की शर्त रखी गई। विरोध करने पर उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। पीड़ित ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। नगर में फिलहाल चार गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें एक भारत गैस और तीन इंडियन गैस एजेंसियां शामिल हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि भारत गैस एजेंसी को छोड़कर एक इंडियन गैस एजेंसी के खिलाफ लगातार अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप यह भी है कि होम डिलीवरी व्यवस्था का पालन नहीं किया जा रहा। एजेंसी द्वारा एक स्थान पर सिलेंडर बुलाकर वितरण किया जा रहा है, जहां उपभोक्ताओं से 40 से 50 रुपये तक अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार, होम डिलीवरी की स्थिति में ही सीमित अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है। स्थानीय लोगों में इस स्थिति को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि जो उपभोक्ता इस अवैध वसूली का विरोध करते हैं, उन्हें गैस देने से ही वंचित कर दिया जाता है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी एजेंसियों और वेंडरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाया जा सके।

## महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की घटना से रोष

**मोरना।** देर शाम शादी समारोह से लौट रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व भोकरहेड़ी-मोरना मार्ग पर ई रिक्शा से खींचकर सरेआम मारपीट की घटना से रोष व्याप्त हो गया है।पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नई बस्ती में रविवार को शहज़ाद मिरासी की बेटी की शादी सम्पन्न हुई।देर शाम मुज़फ्फरनगर के कूकड़ा गांव निवासी महमान ई रिक्शा द्वारा वापस घर लौट रहे थे।आरोप है कि कुछ युवकों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की जिसका विरोध करने पर कहासुनी हो गयी।आरोप है कि मोरना मार्ग पर गांव छछरौली में खेल मैदान के सामने पीछे से आये बाइक सवारों ने ई रिक्शा में सवार व्यक्तियों को खींच लिया।तथा मारपीट शुरू कर दी।मैदान में खेल रहे युवकों द्वारा पीड़ितों की जान बचाई गयी।मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए।गम्भीर हालत में घायलो को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया।वहीं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट को लेकर रोष व्याप्त हो गया है।सोमवार को शहज़ाद मिरासी के आवास पर उपस्थित हुए वार्ड सभासद मुस्तकीम अब्बासी, राशिद, मोहसिन, शेर अली ,नासिर, तस्लीम, अनवर ,अशरफ, नवाब ,शौकत ,शहजाद ,मेहताब, निसार, जावेद ,आजाद, आफताब,सरफराज, साजिद, मेहरबान,दानिश,समीर,समयदीन,सुहैल,शादाब,सुहेब, जमील, साहिल आदि ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।जांच की जा रही है।जांच के उपरांत विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भाजपाइयों ने पुष्प किए अर्पित

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पूर्व सभासद मूकेश शर्मा के आवास पर मनाया गया। भाजपा स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम भाजपा बुढ़ाना मंडल में मुकेश शर्मा के आवास पर भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए।

यहां पर मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी, बुढ़ाना मण्डल महामंत्री व पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर और सोशल मीडिया संयोजक बुढ़ाना मंडल मौहम्मद शाहिद आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का स्थापना



दिवस मनाया। यहां पर भाजपा नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांतों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, विकास और सेवा की भावना के साथ कार्य करती है। यही कारण है कि पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनकर उभरी है। यहां पर सभी वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक भी पहुंचाने का आह्वान किया।

# विद्यार्थियों के बीए प्रथम वर्ष में गैरहाजिर दर्शाने से मचा हड़कंप

**मोरना।** एमएसएसकेडी डिग्री कालेज में बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में सभी विद्यार्थियों को कम्प्यूटर विषय मे इंटरनेट पर अनुपस्थित दर्शाया गया।फेल होने को लेकर छात्र -छात्राओं में हडकंप मंच गया और अनेक छात्र कालेज में पहुंच गए जहां पर प्राचार्य व सचिव ने एक सप्ताह के भीतर परीक्षा परिणाम ठीक कराने का आश्वासन दिया।

मां शाकुंम्बरी विश्चविद्यालय सहारनपुर से संबद्ध एमएसएसकेडी डिग्री कालेज में बीए प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। जिसमें बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में सर्टीफिकेट कोर्स पेपर कोड 0090101 में कालेज के सभी 167 छात्रों को अनुपस्थित दर्शाया गया है जबकि सभी छात्रों ने परीक्षा दी थी।जिसके बाद छात्रों में हडकंप मच गया। सोमवार को छात्रा मेधा शर्मा, श्रेया शर्मा, उपांशु शर्मा, अंजली, रिया, सलोनी आदि बडी संख्या में छात्र-छात्राएं कालेज में पहुंच गए और हंगामा खडा कर दिया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष अरूण सिंह, पंकज कुमार, पप्पन कुमार, संजय रवि भी कालेज में पहुंच गए।जिसके बाद प्राचार्य डा. आरपीएस मलिक ने छात्रों को समझाते हुए बताया कि उन्होने सभी छात्रों की सर्टीफिकेट कोर्स पेपर की उपस्थित व अंक नंबरों की सूचीविश्चविद्यालय को भेज दी थी लेकिन वहा पर छात्रों के अंक नही चढ़ने से विद्यार्थी अनुपस्थित दर्शाए गए है। कालेज कमेटी के सचिव वेदवीर सिंह ने बताया कि विश्चविद्यालय में कुलपति महोदया व रजिष्ट्रार से बात हुई है, एक सप्ताह के भीतर परीक्षा परिणाम दोबारा घोषित होगा।




## भूपखेड़ी आश्रम में भक्ति का महासंगम

# परमहंस राम रतन महाराज का प्राकट्य महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के ग्राम भूपखेड़ी स्थित श्री राजदरबार परमानन्द आश्रम में सोमवार को परमहंस राम रतन महाराज जी का प्राकटड महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक गुरु जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम में दिनभर भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की गूंज रही, जिसने माहौल को पूर्णत: आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में आश्रम के संचालक संत गौरवानंद जी ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों के माध्यम से परमहंस राम रतन महाराज जी के जीवन, तपस्या और आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और



अनुशासन के साथ आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव ने क्षेत्र में धार्मिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ लोगों में आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश भी प्रसारित किया।

## बार कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**बुढ़ाना।** कस्बे के तहसील सभागार में सोमवार को नई बार कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें जिला न्यायधीश बिरेंद्र कुमार सिंह चीफ गेस्ट के रुप में मौजूद थे। तहसील सभागार में आयोजित किए गये बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का संचालन एल्डर कमेटी के अध्यक्ष हरबीर सिंह व संजीव पंवार ने संयुक्त रूप से किया। जिला न्यायाधीश बिरेंद्र कुमार सिंह ने नई कार्यकारिणी को मुबारकबाद देते हुए कहा न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। सब अधिवक्ता बार व समाज के हित में कानून के दायरे में रहकर कार्य करें। बुढ़ाना बार अध्यक्ष सुरेश पाल वर्मा ने कहा काम के चलते हमारे ऊपर पड़ने वाले दबाव का प्रभाव न्याय प्रक्रिया पर नही पड़ना चाहिए। बार महासचिव सुभाष राठी ने कहा कोई भी अधिवक्ता ऐसा काम न करे जिससे न्याय व्यवस्था पर कुठाराघात हो। बार के सदस्यों में काम की अधिकता के कारण कम्युनिकेशन गैप बना है इसे खत्म करना होगा। यहां नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। यहां एसडीएम ख्रष्णकांत विश्वकर्मा, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष विनोद त्यागी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष अशोक राठी, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, मोहिद मलिक, प्रशांत शर्मा, सीमा पंवार, अंकित शर्मा, विकास त्यागी, परमजीत मलिक, अनुज, प्रवेश, शालू, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, इलियास सैफी, अलीम सिद्दीकी, शाहनवाज कुरैशी व फिरोज मंसूरी आदि अधिवक्ता भी उपस्थित थे।

## ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया भ्रमण

**मोरना।** गंगा सोलानी खादर क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर महाराज नगर खैर नगर में रविवार को हुई भारी ओलावृष्टि से फसलो को नुकसान हुआ है।सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल ने प्रभावित गांव में जाकर किसानों का हाल जाना व मदद के लिये आश्वस्त करते हुए तहसील अधिकारियों को त्वरित रूप से प्रभावित किसानों के खेतों का सर्वे करने और किसानों से मिलने का निर्देश दिया है। मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तोफ़ीर,महाराज नगर,खैरनगर में पहुंचे डॉ.वीरपाल निर्वाल ने ग्रामीणों से मिलकर प्राकृतिक आपदा के सम्बंध में बात की जहां ग्राम प्रधान योगेश कुमार चौहान राहुल सैनी, राजसिंह ,पवन कुमार ,गजेंद्र चौहान ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों,गन्ने सहित सब्जियों की फसलों को नुकसान हुआ है।बड़ी लागत व परिश्रम के बाद उगाई फसलों के बर्बाद होने से वह आर्थिक रूप से कमजोर हो गये हैं।शासन प्रशासन उनकी मदद करे।जिसपर जिला पंचायत अध्यक्ष ने तहसील अधिकारियों से बात की और अविलंब ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से मिलकर सर्वे करने को कहा।

इस अवसर पर भाजपा के जिला संयोजक रामकुमार शर्मा ,महिपाल राठी,प्रदीप निर्वाल आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## स्कूल में मार्कशीट लेने गई छात्रा हुई गायब

**बुढ़ाना।** एक छात्रा समीपवर्ती जनपद में स्थित किसी स्कूल में विगत दिवस अपनी मार्कशीट को लेने के लिए अकेली ही गयी हुई थी। जो कि अचानक से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गयी है। अब परिजनों ने किसी अज्ञात युवक पर उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुई युवती और अज्ञात युवक की तलाश शुरु कर दी है। घटना को लेकर युवती के परिजन परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की परासोली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित व्यक्ति ने बुढ़ाना पुलिस को गत दिवस एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 2 अप्रैल की सुबह लगभग 10 बजे उसकी लगभग 21 वर्षीया बेटी एसपीएस स्कूल रमाला जनपद बागपत में अपनी मार्कशीट को लेने के लिए अकेली ही गयी हुई थी। जो कि अब तक भी वापस नही आयी है। अब उन्हें भागदौड़ करने पर किसी के द्वारा पता चला है कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात लडका बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है और किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर गायब कर दिया गया है। उसने अपनी बेटी को काफी तलाश कर लिया लेकिन उसका कोई भी पता नही चल पाया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी व आरोपी अज्ञात युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दोनों की तलाश शुरु कर दी है।?

## बालाजी शोभायात्रा में हुआ भंडारा

**बुढ़ाना।** बीती रविवार की देर रात बाला जी शोभा यात्रा के दौरान वाल्मिकी सेवा समिति बुढ़ाना के उपाध्यक्ष नीरज बहोत के द्वारा एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद नितिन शर्मा, राजकुमार बहोत, राजू बहोत, अनिल बहोत, आरव बहोत, वेदांत बहोत, रौनक बहोत, लोकेश शर्मा और राधेश्याम बहोत सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। इस भव्य भंडारे में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नीरज बहोत ने कहा कि बालाजी की कृपा से ही यह भंडारा संभव हो पाया है और हमें उम्मीद है कि यह भंडारा लोगों के लिए आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। सभासद नितिन शर्मा ने कहा कि बाल्मिकी सेवा समिति के द्वारा आयोजित हुए इस भंडारे से लोगों को भगवान बाला जी का आशीर्वाद मिला है और यह भंडारा लोगों के बीच एकता और प्रेम का संदेश फैला रहा है। भंडारे में उपस्थित लोगों ने नीरज बहोत और उनकी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि यह भंडारा वास्तव में एक यादगार अवसर था। इस अवसर पर लोगों ने भगवान बाला जी की जय जयकार की और उनके आशीर्वाद की भी कामना की।

## पंचायत घर में किसानों की बैठक

**नजीबाबाद।** ब्लॉक के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री और खसरा-खतौनी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंडावली पंचायत घर पर हुई, जिसमें तहसील के राजस्व अधिकारी और लेखपाल उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती आकांक्षा राठी, पत्नी श्री राजीव चौधरी, निवासी 1199, चरण सिंह कॉलोनी, तहसील-सदर, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.:-MZDA/BP/25-26/0233 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-170, ग्राम-अलमासपुर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 117.04 वर्गमी. (कुल नेट क्षेत्रफल-75.33 वर्गमी.) पर 'व्यवसायिक (रिटेल शॉप)' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-170, ग्राम-अलमासपुर, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 'सामुदायिक सुविधाएं' भू-उपयोग में दर्शित है। अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार 'सामुदायिक सुविधाएं' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'रिटेल शॉप' की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों /सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित्त माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

## दो पक्षों में हुए संघर्ष में दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज

**बुढाना/रतनपुरी।** विगत दिवस किसी बात पर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनों और से कई लोग घायल हो गये थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार सालिम पुत्र शाहिद निवासी गांव नंगला ने बताया कि बीती 5 अप्रैल को पड़ोसी रजा मौहम्मद, गुलाब नबी पुत्रगण अलाउद्दीन, जैद पुत्र रजा मौहम्मद, कैफ पुत्र ताज मौहम्मद व कस्बा हर्रा निवासी एक ग्रामीण ने उसकी मां आबिदा, सादिक, सालिम व मुस्तफा से घर पर आकर खूब गाली गलौच और मारपीट की। उसके पिता को उक्त लोगों ने रास्ते में रोककर गाली गलौच की और लाठी डण्डों से मारपीट की। जिसमें सालिम, आबिदा, मुस्तफा, सादिक के शरीर में काफी चोंटे आयी। एक का हाथ टूट गया। शोर शराबा सुन लोग इकठा हो गए। बीच बचाव करवाया। सबके सामने हत्या की धमकी दी। दूसरे पक्ष के जिया उल हक पुत्र यामीन निवासी गांव नंगला ने बताया कि बीती 04 अप्रैल को उसके 02 नाबालिग पुत्रों कैश और शाद की गांव के ही सालिम पुत्र शाहिद से आपस में कहासुनी हो गयी थी। जिसमें गांव के लोगो ने मिल बैठकर आपस में फैसला करा दिया था। बीती 5 अप्रैल को सालिम, मुस्तुफा व सादिक पुत्रगण शाहिद व शाहिद पुत्र आस मौहम्मद निवासीगण गांव रियावली नंगला लाठी, डंडे, सरिया बलकटी लेकर उसकी दूध की डेरी में आ गये और आते ही मेरे व मेरे भाई गुलाम नबी व ताज मौहम्मद के साथ गाली गलौज व मारपीट की।

# बेलडा के ग्रामीणों ने किया पुलिस का सम्मान

**भोपा।** बेलडा स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार को आयोजित समारोह में थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह एवं सीकरी चौकी के स्टाफ को ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने हनुमान जयंती के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, निष्पक्ष कार्रवाई और कुशल व्यवहार के लिए पुलिस की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन मास्टर शुभाष चन्द्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि थाना प्रभारी निरीक्षक अपने विनम्र स्वभाव और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति को कभी भी उनसे संपर्क करने में संकोच नहीं



करना चाहिए।इस मौके पर सुरेन्द्र मास्टर, ग्राम प्रधान भोपाल सिंह, पूर्व प्रधान संसार सिंह, विनय कुमार, ईरम अली जैदी, मयंक कुमार, पदम तोमर, वेदपाल नायक, शाहिद आलम, अमरेश पाल, डॉ. कुलदीप पाल, नरेश कुमार, डॉ. रामअवतार, लक्की, अजय पाल, अजू नायक, संजय चौधरी, विष्णु दत्त उर्फ बिल्लू, राजेंद्र नायक, संजय कश्यप, किरण पाल, योगेंद्र, सचिन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## सिविल कोर्ट बुढ़ाना के क्षेत्राधिकार को लेकर उठी मांग

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आज जनपद न्यायाधीश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व महासचिव विश्वास कुमार त्यागी ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए सिविल एवं क्रिमिनल जूरिस्डिक्शन को गजट के अनुसार पूर्ण रूप से लागू कराने की मांग की। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि शाहपुर थाना एवं रतनपुरी थाना क्षेत्र के मामलों को भी बुढ़ाना कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए जिससे अधिवकताओं एवं वादकारियों को सुविधा मिल सके। विश्वास कुमार त्यागी ने अपने वकतव्य में बताया कि लंबे समय से यह मांग लंबित है और इसके लागू होने से न्याय प्रक्रिया अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सकेगी।

# भाकियू तोमर ने भरी हुंकार, कल उत्तराखंड डीजीपी से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

**नन्हेड़ी/मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने देहरादून में हुए दिव्यांशु हत्याकांड को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। आज गांव नन्हेड़ी में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने हत्याकांड पर गहरा दुख जताते हुए सरकार और पुलिस को खुली चेतावनी दी।

दबंगों की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहींरू संजीव तोमर बैठक को संबोधित करते हुए संजीव तोमर ने कहा कि जनपद के रहने वाले दिव्यांशु की देहरादून में दबंगों द्वारा की गई हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की सुस्ती पर सवाल उठाते हुए कहारू कि घटना को 11 दिन बीत चुके हैं, लेकिन देहरादून पुलिस अब तक केवल 4 आरोपियों को ही गिरफ्तार कर पाई है। शेष हत्यारे अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे समाज और हमारे संगठन में भारी रोष है।कल क्ळच मुख्यालय का घेराव और आगे की रणनीति संजीव तोमर ने ऐलान किया कि कल, 6 अप्रैल को संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक से मुलाकात करेगा और सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही कार्यवाही नहीं हुई, तो संगठन उत्तराखंड सरकार का घेराव करने के लिए



मजबूर होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी संगठनात्मक फेरबदल और श्रद्धांजलि बैठक की शुरुआत में मृतक दिव्यांशु की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसी दौरान संगठन का विस्तार करते हुए मेहरबान को नन्हेड़ी गांव का ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेरू पवन त्यागी (राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि) रिहान चौधरी (पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष) दीपक तोमर (प्रदेश उपाध्यक्ष) मुकेश गुर्जर (मंडल महासचिव) सदाम अंसारी (ब्लॉक प्रभारी) नौशाद, शाहरुख एवं अन्य कार्यकर्ता।

# स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कपूरगढ में स्थित शिक्षण संस्था बीएसएम सर्वोदय पब्लिक स्कूल में सोमवार की सुबह स्कूल का वार्षिक समारोह बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मे मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कालेज शाहपुर के प्रबंधक डॉक्टर सत्येंद्र पाल रहे। जिन्होंने मेधावी छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान कई छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश कर मुख्य अतिथि का मन मोह लिया। सबने समय समय पर तालियां बजाते हुए प्रतिभागी छात्रों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान



मुख्य अतिथि डाक्टर सत्येंद्र पाल का स्कूल स्टाफ ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अपने संबोधन में वरिष्ठ सपा नेता डाक्टर सत्येंद्र पाल ने छात्राओं का हौसला बढ़ाया और कहा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति कोे बढ़ावा देते हैं। यहां मुख्य रुप से नरेश शर्मा, कलीराम शर्मा, सन्सवीर, जीएम जूनियर हाईस्कूल शिकारपुर के प्रबंधक मास्टर गुल मोहम्मद मलिक, मास्टर योगेश भारद्वाज, मास्टर ललित पाल, मास्टर हसीन सैफी प्रबंधक केपीएस शाहपुर, राखी देवी कोऑर्डिनेटर स्टेयर एकेडमी व स्पोर्ट्स स्कूल के अलावा और भी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसानों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया।



सोमवार को किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने दर्जनों किसानों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की और सीढ़ियों पर धरना देकर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्यामपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अन्य प्रदेशों का गेहूं खरीद बंद करने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जिन क्षेत्रों में गेहूं की बुआई अधिक है, वहां गांव स्तर पर क्रय केंद्र खोले जाएं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरों से शहरी और ग्रामीण दोनों उपभोक्ता परेशान हैं, इसलिए इन्हें बंद किया जाए। साथ ही चीनी मिलों पर बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराया जाए और किसानों के खेतों में फुंके ट्रांसफार्मर बदले जाएं। किसानों ने प्राइवेट स्कूलों की ड्रेस और किताबों में मनमानी रोकने, 32 गांवों पर वन विभाग के दावे को निरस्त करने, एनएचएआई से जुड़ी समस्याओं के समाधान, ऊन स्थित एथनॉल प्लांट से प्रदूषित पानी की जांच और एलपीजी गैस से संबंधित समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम सत्येंद्र सिंह को सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह, शहजाद पुंडीर, लो. केश राणा, जग्गेश्वर, नरेश तोमर आदि मौजूद रहे।

# याहियापुर चौपाल में सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** जनपद शामली के विकासखंड ऊन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत याहियापुर में सोमवार को पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। चौपाल का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर ही जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चौधरी रामपाल सिंह रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिब) है और ग्राम चौपाल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बिजली



आपूर्ति में अनियमितता, पेयजल संकट, टूटी सड़कों, आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उठाईं। अधिक. ारियों ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर एडीओ आईएसबी ऊन राजीव ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, आजीविका मिशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मो. निका तोमर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अर्पण मलिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम विकास अधिकारी अर्पण मलिक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को बिना झिझक सामने रखें, ताकि उनका त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस मौके पर ताहिर हसन,इरफान चौधरी,बबलू,मनोज, रामपाल कोरी,चांदराम, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंगलौरा के जंगल से हजारों की मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** यमुना खादर के गांव मंगलौरा मे बदमाशों ने दो किसानों के खेतो को निशाना बनाते हुए मोटरो को चोरी कर लिया। पीडित किसानों का दावा है कि चोरी से तीस हजार का नुकसान हुआ है। पीडितो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव मंगलौरा मे बीतीरात्रि खेतो मे जमकर उत्पाद मचाया। बदमाशों ने राजकुमार व राममेहर के खेतो को निशाना बनाया और टयूबवैलो पर रखी कीमती मोटरो को चोरी कर लिया। जिससे किसानों को तीस हजार का नुकसान हुआ है।

किसानो का कहना है कि अब उतने ही पैसे से नई मोटरो को खरीदना मुश्किल होगा। सोमवार की सुबह पीडितो को चोरी का पता लगा। इसके बाद पीडितो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## वीवीपीजी में रोवर्स रेंजर्स शिविर का हुआ शुभारंभ

**शामली।** शहर के वी वी पीजी कॉलेज में युवाओं के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. नीना छोकरा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए शिविर से अधिकतम लाभ उठाने का आहवान किया। वहीं कुणाल सिंह ने कहा कि एक अनुशासित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करता है और रोवर्स-रेंजर्स शिविर युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने का माध्यम है। डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य में केवल भागीदारी ही नहीं, बल्कि उसमें दक्षता और निपुणता हासिल करना भी आवश्यक है। शिविर में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को झंडा बांधने का प्रशिक्षण दिया तथा रोवर्स-रेंजर्स का इतिहास, नियम और सिद्धांतों की जानकारी दी। गायत्री देवी ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स को विनम्र, अनुशासित, वफादार और प्रकृति प्रेमी होना चाहिए तथा सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। रोवर्स प्रभारी निर्भय कुमार ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुप्रिया ने शिविर के शैक्षणिक महत्व की जानकारी दी।

# सहकारी समिति पर शुरू हुई गेहूं की खरीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना के बल्ला माजरा सहकारी समिति पर बनाए गए गेंहू क्रय केन्द्र पर सोमवार को गेंहू खरीद का शुभारंभ हो गया। एक अप्रैल से खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य शुरू हो गया था।चौसाना में गेहूं क्रय केंद्र पर पहला किसान गेहूं लेकर पहुंचा।जिससे सत्र को गेहूं खरीद शुरू हो गई।

सोमवार को चौसाना स्थित बल्ला माजरा सहकारी समिति पर बनाए गए गेहूं क्रय केन्द्र पर चौसाना के मजरा पठानपुरा निवासी किरण कुमार ने पचास कुंतल गेहूं लेकर केंद्र पर पहुंचा। इसी के साथ केंद्र पर गेंहू खरीद की शूरूआत हो गयी क्रय केन्द्र की। शुरूआत के पहले दिन पहले



किसान की फसल की तुलाई के दौरान सभापति विनोद शर्मा भी मौजूद रहे।। समिति के सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया की केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा मे गेंहू खरीद के उपकरण, बोरे आदि सामान मौजूद है। किसान गेहूं बिक्री के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण समय से करा ले। अब तक केन्द्र पर 200 से अधिक किसानो ने पंजीकरण करा लिया है। इस वर्ष केन्द्र का गेंहूँ खरीद का लक्ष्य पॉच हजार कुतल के करीब है। विगत वर्ष यह लक्ष्य 80 प्रतिशत पूरा हो सका था। लेकिन अधिकारियों का मानना है कि हरियाणा मे यूपी के अनाज की खरीद ना होने के कारण लक्ष्य समय से पहला और अधिक मात्रा मे होगा। इस दौरान केंद्र प्रभारी राजीव कुमार ,सभापति विनोद शर्मा, सोनू सैनी,विकास आदि मौजूद रहे।

### किसान जागरूकता कार्यक्रम कर रही समिति

**चौसाना।** किसानों को सरकारी क्रय केन्द्रो पर गेहूँ की खरीद को बढाने के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ताकि खरीद बढे और लक्ष्य की पूर्ति हो सके।

## एक नजर

### बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने साथियों संग थामा कांग्रेस का दामन

**शामली।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरपाल कुडाना ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि दलित समाज का वास्तविक उत्थान कांग्रेस पार्टी में ही सुरक्षित है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आहवान किया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद बीरपाल कुडाना ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय राय का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह अब कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वह दलित समाज को जागरूक करने के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों और छात्रों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि वह कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और प्रदेश में सरकार बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बीरपाल ने यह भी कहा कि उनके साथ आए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे।

### पत्रकार हारून सैफी को पितृ शोक

**झिंझाना।** कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार हारुन सैफी के पिता हाजी शरीफ सैफी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 95 वर्ष थी। बताया जाता है कि परिवार में काफी समय से नातिन की शादी की तैयारियां चल रही थीं और सोमवार को कैराना से बारात आनी थी। घर में खुशी का माहौल था, रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और शादी की रस्में चल रही थीं। इसी बीच अचानक हाजी शरीफ सैफी की तबीयत बिगड़ी और उन्होंने अंतिम सांस ले ली। जैसे ही निधन की खबर परिवार तक पहुंची, खुशियों का माहौल पलभर में गम में बदल गया। एक ओर जहां नातिन की डोली उठने की तैयारी हो रही थी, वहीं दूसरी ओर परिवार के बुजुर्ग के जाने का दुख सब पर भारी पड़ गया। परिजन इस कठिन स्थिति में भावनात्मक रूप से टूट गए। एक तरफ बेटी की विदाई की जिम्मेदारी थी, तो दूसरी ओर घर के बुजुर्ग के अंतिम संस्कार की तैयारी। पूरे परिवार ने भारी मन से दोनों परिस्थितियों का सामना किया। हाजी शरीफ सैफी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में बेटे, बेटियां, पुत्रवधू, नाती-नातिन और पोते-पोतियां शामिल हैं। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर है और लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

### ई-रिक्शा की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गांव भभीसा बिजलीघर के समीप दो ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी मोहसिन किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने गांव लौटते समय वह ई-रिक्शा में बैठकर जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग गांव भभीसा बिजलीघर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी ई-रिक्शा से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार मोहसिन गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जवाहर नवोदय में दिए गए आत्मरक्षा के गुर

**शामली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में एक दिवसीय आत्मरक्षा शि. विर एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के अध्यक्ष व अवेंजर फाइट क्लब शामली के कोच शिवांश भार्गव तथा विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार एवं शारीरिक शिक्षा प्रमुख आशुतोष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आत्मरक्षा शिविर में विद्यार्थियों को कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए गए और उन्हें विपरीत परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शामली के पदक विजेता खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आत्मरक्षा कौशल का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुआ पथराव ,आधा दर्जन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बच्चों के विवाद को लेकर आजाद चौक में दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा पथराव किया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आधा दर्जन को हिरासत में लिया और पुलिस बल तैनात कर दिया। वही एक व्यक्ति की मौत की खबर की फैलती रही। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला आजाद चौक निवासी मकसूद व चचेर भाई सलीम का विवाद चल रहा है। सोमवार को किसी बात को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। जिससे दोनों में पक्षों में पथराव व मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षो के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। वही सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर में मिशन शक्ति फेस 5.2 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम उ0नि0 लोकेश कुमार म0हे0का0 विनीता द्वारा ग्राम सोंटा रसूलपुर में खुर्शीद मेमो. रियल स्कूल में महिला एवं बालि. काओं को सशक्तिकरण,साइबर क्राइम धोखाधड़ी छेड़खानी,बाल अपराध, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वूमेन पावर 181 महिला हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातक. ालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा तथा आदि योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया।

# बदलते मौसम से मरीजों की बढ़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है। मौसम में आए उतार-चढ़ाव के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल में सुबह से ही पर्ची बनवाने और डॉक्टर को दिखाने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग गईं। बढ़ती भीड़ के कारण डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को भी मरीजों को देखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।अस्पताल पहुंचे अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी-जुकाम, उल्टी-दस्त और गले के संक्रमण




जैसी समस्याओं से पीड़ित नजर आए। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों मौसम तेजी से बदल रहा है, जिसके कारण मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। खासकर बुखार, उल्टी-दस्त, जुकाम और वायरल संक्रमण के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।डॉ. ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मौसम के बदलाव के दौरान विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान रखें, बाहर का खुला और दूषित भोजन न करें तथा स्वच्छ पानी का ही सेवन करें।

साथ ही यदि किसी को बुखार, उल्टी-दस्त या अन्य लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं, ताकि समय रहते उपचार मिल सके और बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सके।

## तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बीती रात उप निरीक्षक विपिन कुमार अपनी हमाराह टीम के साथ शांति व्यवस्था व संदिग्ध वाहन चेकिंग गस्त करते हुए गांव मंटी हसनपुर की तरफ से आ रहे थे तभी यारपुर राजवाहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया तभी पुलिस ने वाहन साइड में खड़ा कर उसे रुकने को कहा पुलिस को देखकर तेज भागने लगा तभी पुलिस टीम ने उसे दौड़कर पकड़ लिया स पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राजन पुत्र राजकुमार निवासी गांव खेड़ा गदाई बताया और जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।

# नामित सभासदों को पूरे जनपद में दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका में नए नामित सभासदों के शपथ ग्रहण के साथ ही बोर्ड को और मजबूती मिली है। सोमवार को आयोजित समारोह में पांच नामित सभासदों ने पद और गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

नगर पालिका सभागार में सोमवार को शासन द्वारा नामित पांच सभासदों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहां एसडीएम अर्चना शर्मा ने सभी नामित सभासदों को राज्य निष्ठा एवं पद की शपथ दिलाई। शासन के निर्देश पर नगर पालिका शामली में पांच सदस्य देवानंद गौड, मीरा चावला, हरिओम पाठक, संगीता जिंदल और उत्तम नामदेव को नामित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन अरविन्द संगल ने नव-नामित सभासदों का फूल मालाओं एवं बुके देकर स्वागत किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एसडीएम ने सभी नामित सदस्यों को एक-एक कर शपथ दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप ने कहा कि पार्टी के समर्पित और पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी गई है, जो संगठन के लिए गौरव की बात है। पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि नगर



पालिका बोर्ड एक परिवार की तरह होता है और नए सदस्यों के जुड़ने से यह परिवार और मजबूत होगा। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि प्रदेश में विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान लो. कदल जिलाध्यक्ष वाजिद अली, सभासद आशीष गुप्ता, अजीत निर्वाल, तोहिद रहमानी, अरविन्द खटीक, विनोद तोमर, निशीकांत संगल, गुलजार मंसूरी, सलमान अहमद, अंकित जैन, सोनू चावला, बादल गौतम, उमेश खुरगान, विपिन सैनी, मनीष भटनागर, पवन नामदेव, दिनेश पाठक, रजनीश नामदेव आदि मौजूद रहे। **थानाभवन संवाददाता के अनुसार** नगर पंचायत सभागार में सरकार द्वारा नामित सभासदो का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया सजिसमें शासन की तरफ से एसडीएम शामली अर्चना शर्मा ने नामित सभासद अशोक चावला, बिट्टू प्रजापति, आबाद जैदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि थाना भवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि जनता की अपेक्षाओ को समझते हुए विकास कार्यो को गति देने में अपनी भूमिका निभाएं स क्योंकि सभासद स्थानीय समस्याओं से सीधे जुड़े हुए होते हैं। इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया स तथा नामित सभासदों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान बॉबी अरोड़ा,विनोद कुमार, दिनेश कुमार,अनिल कुमार,मेहबूब अहमद, महावीर पाल,सभी सभासदगण , संजय कुमार बाबू, अल्ताफ अहमद, बृजेश वाल्मीकि भूमेश नारंग, रविंद्र शर्मा, जगमाल सैनी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अलीशान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

लियाकत पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला 406 छडियान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

## नाराज पीड़ित ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**शामली।** तहसील ऊन क्षेत्र के ग्राम ऊदपुर तिराहा निवासी बाबा प्रेमपुरी ने अपनी शिकायत पर लंबे समय से कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। बाबा प्रेमपुरी ने बताया कि उन्होंने 31 दिसंबर 2024 को उप जिलाधिकारी ऊन को एक शिकायत पत्र दिया था। इस शिकायत में शिव मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा करने, मंदिर की मूर्ति को क्षति पहुंचाने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। आरोप है कि इतने गंभीर मामले के बावजूद अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई है और न ही शिकायत की जांच या निस्तारण को लेकर कोई सूचना दी गई है। बाबा प्रेमपुरी दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो वह भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# सक्रिय डिजिटल भुगतान पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों को लेकर बिजली विभाग अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विकास कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा पूर्व में अनाउंसमेंट और घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया था लेकिन कई लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते अब उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी मोबाइल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे ही अपने बिजली बिल का भुगतान आसानी से कर सकते हैं लेकिन अभी तक बड़ी संख्या में लोगों ने ऐप डाउनलोड नहीं किया है। इसके बावजूद विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक लोग डिजिटल माध्यम अपनाएं। इसी कड़ी में बिजली विभाग कार्यालय में दो विशेष काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। एक काउंटर पर उपभोक्ताओं को मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराना और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया सिखाई जा रही है जबकि दूसरे काउंटर पर सामान्य बिल संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। एसडीओ ने यह भी बताया कि नौकरीपेशा या व्यस्त उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक सोशल मीडिया ग्रुप भी बनाया गया है जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग जुड़े हुए हैं। इस ग्रुप के माध्यम से उपभोक्ता अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचा सकते हैं जिनका त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि फिलहाल कुछ तकनीकी और व्यवस्था संबंधी दिक्कतें सामने आ रही हैं लेकिन जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। विभाग की इन पहल के चलते बिजली घर पर लगने वाली भीड़ भी अब कम होने लगी है। जिससे व्यवस्था और अधिक सुचारु होने की उम्मीद है।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कोतवाली पुलिस ने मुठभेड के बाद एक गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका दुसरा साथी बचकर भागने में कामयाब रहा। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस। 315 बोर और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

एसएसपी के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे अपराधों की रोकथाम अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा गंगोह नानौता मार्ग पर न्यू हॉलेंड शोरुम के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चौकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को आते देख संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। मगर पुलिस को देख संदिग्ध हडबडी में मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे, कुछ दुरी पर मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई। पुलिस को नजदीक आता देख उन्होंने पेड़ की आड़ लेकर पुलिस टीम पर जानलेवा फायिरंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। जिसे घायलवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। दुसरा बदमाश जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश मरगूल उर्फ गुल्लु पुत्र अब्बास निवासी मौ. नासुरान थाना नानौता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना गंगोह पर गौकशी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस आदि संगीन अपराधों में लगभग आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है।

## समता दिवस के रूप में मनाई जयंती

**स्योहारा।** भारत रत्न बाबू जगजीवन राम की जयंती नगर में समता दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं एवं नगर के गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत नगर अध्यक्ष अहसन जमील द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर की गई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके बताए सामाजिक समता समान अधिकार एवं न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना संपूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ों एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया। उन्होंने समाज में समान अवसर और सम्मान की भावना को मजबूत करने का काम किया। जिसके कारण वे आज भी सामाजिक समता और न्याय के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम भाईचारा और समानता ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर बुढ़नपुर ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह सागर ने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक न्याय और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

## दो पक्षों में मारपीट

**सहारनपुर।** थाना नानौता क्षेत्रांतर्गत ग्राम आभा में खेती की जमीन के मामले में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नानौता क्षेत्र के गांव आभा निवासी फहीम पुत्र अकील ने गांव की ही एक महिला से पौने सात बीघा जमीन खरीदी थी जिसका बैनामा और दाखिल खारिज भी हो चुका था। पीड़ित फहीम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार सुबह हमारे ही गांव के तीन युवक हमारे मकान पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार लेकर आये और हमारे परिवार पर लाठी डंडों से टूट पड़े। इस घटना में फहीम को काफी चोटें आई हैं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने फहीम को हमलावरो से बचाया।

# मौलाना आसिफ की किताब का लोकार्पण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि हर इंसान को दीन और दुनिया की मालूमात होना जरूरी है ताकि जिंदगी सलीके और आसानी के साथ जी जाए।

ईदगाह रोड स्थित मदरसा असदिया में मौलाना आसिफ नदवी की किताब गुलदस्ता ए मालूमात का लोकार्पण किया गया।वरिष्ठ समाजसेवी खलील अहमद ने कहा कि मौलाना आसिफ ने बहुत अच्छी किताब लिखी है।यह किताब हर क्षेत्र में हमारी जानकारी को बढ़ाती है। हकीम नासिक नजमी ने कहा कि तालीम हासिल करना फर्ज है तो दीन और दुनिया की जानकारी रखना जरूरत है। जानकारी आसानी पैदा करती है।

हजरत मौलाना आसिफ नदवी साहब ने कहा कि हर इंसान के लिए यह जरूरी होता है कि उसे अपने आसपास और जिंदगी के जरूरी मामलात की जानकारी होनी चाहिए ताकि जिंदगी के मसाईल को आसानी के साथ हल किया जा सके।

इस दौरान हाजी मोहम्मद अय्यूब, इरफान सुल्तान, जाकिर, इमरान इलाही, असलम शेर,डॉ अजीम, हाफिज जमशेद रहबर आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने विकास में बनाया इतिहासः नक्षत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार ने कहा कि भाजपा सरकार देश की जनता के सपनों को साकार करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का नया इतिहास बना दिया है।

देवबंद रोड स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी नक्षत्र पँवार के कैंप कार्यालय रामपुर मनिहारान पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का स्थापना दिवस एक दूसरे कार्यकर्ता को मुंह मीठा करवाकर कराया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के सपने को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर चुकी है।आज हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए दुनिया की चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था पर है। भाजपा सरकार देश की जनता के सपनों को साकार कर रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास का नया इतिहास बना दिया है। पूरी दुनिया में भारत की छवि मजबूत सशक्त भारत की बनी है। इस दौरान भाजपा नगर उपाध्यक्ष गौतम चौधरी, पप्पू पँवार, नरेंद्र पँवार, संजय सिंह,सुमित सैनी, रोहताश, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## बिना सहमति स्मार्ट मीटर लगाए जाने की शिकायत

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर पंचायत में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने एवं विद्युत आपूर्ति बाधित किए जाने के संबंध में नगरवासी आकाश काशी द्वारा मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश योगी आदित्यनाथ एव केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को विधिक शिकायत दर्ज की गयी।

आकाश काशी ने बताया है कि विगत माह विद्युत विभाग द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में "स्मार्ट प्रीपेड मीटर" लगाए जाने हेतु व्यापक अभियान संचालित किया गय और उसके यहां भी बिना अनुमति के मीटर लगा दिया गया।

# बिल व मीटर सम्बंधित समस्याओं का कराया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत निगम द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली बिलों तथा मीटर से संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराए जाने को लेकर आज बेहट बिजली घर अधिशासी अभियंता भीषण कुमार के दिशा निर्देशन में एस डी ओ बृज मोहन सिंह के नेतृत्व में कैम्प लगाया गया जिस में विद्युत बकायादारों उपभोक्ताओं की बिलों से संबंधित समस्याएं सुनी और ग्रामीण तथा नगर के दर्जनों उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया है तथा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को ऐप डाउनलोड करने का भी आह्वान किया गया है।



सोमवार को विद्युत उपखंड अधिकारी बेहट बृज मोहन सिंह ने शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी। शिविर मे उपभोक्ताओं के बिलों का सही कराने मीटर बदलवाने तथा नए विद्युत कनेक्शन लेने आदि समस्याओं का हल किया गया एस डी ओ ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह समय रहते अपने बकाया बिलों का भुगतान करे।

अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन के मीटर का बैलेंस निगेटिव है वे सभी उपभोक्ता अपना रीचार्ज एडवांस में कराले ।

निगेटिव वाले मीटर डिस्कनेक्ट हो सकते है जिस के चलते उन्हें असुविधा का सामना करना पड़सकता है उस के साथ ही सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ता विभाग का ऐप भी डाउनलोड करले जिस से रिचार्ज करने मे उपभोक्ता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

उस दौरान जेई बेहट जितेंद्र भटनागर, वसोम केतु सुनील कुमार गौरव मनोज कुमार अनिल शर्मा सुनील कुमार आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** एसडीए द्वारा जोन छह में हो रहे अनाधिकृत निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी।

एसडीए उपाध्यक्ष व सचिव के निर्देशों के क्रम में गोगा म्हाडी के पीछे सबदलपुर रोड ग्राम मानकमऊ में महफूज, अमजद, इरशाद, शहजाद द्वारा नौ हजार वर्ग मीटर के क्षेत्र में कच्ची सडके बनाकर अवैध भू विभाजन के विकास कार्य तथा राजपुरा रोड पर दीपक द्वारा तीन हजार वर्ग मीटर बिना अनुमति प्लाटिंग कर मिट्टी डालने के कार्य का ध्वस्तीकरण किया गया।




# हवन यज्ञ के साथ स्कूल के नये सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** यू एस ए इंटरनेशनल स्कूल पठेड़ का प्रथम सत्र सोमवार को हवन यज्ञ कर प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई।

सोमवार को ग्राम पठेड के यूएसए इंटरनेशनल स्कूल के प्रथम सत्र का शुभारंभ सोमवार को सुबह यज्ञाचार्य पंडित योगेश शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ कर प्रारंभ कराया। स्कूल के प्रबंधक अमित सैनी, प्रधानाचार्य रायचंद अब्राहम, वरिष्ठ समाजस. ेवी डॉ. विमल शर्मा, मास्टर यशपाल कांबोज आदि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया।



वहीं विद्यालय के प्रबंधक अमित सैनी ने बताया कि क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा व उन्हें अच्छे संस्कार देना ही हमारा प्रथम कार्य रहेगा। यूएसए इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को आगे बढ़ाने में भी सहयोग करेगा। छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया और सभी अभिभावकों व स्टाफ का मन मोह लिया।

इस दौरान कार्यक्रम में अतुल त्यागी, मो. हित शर्मा, सुमित कांबोज, राहुल कांबोज, सोनू सैनी, अभिषेक त्यागी, पूर्व प्रधान बबलू सैनी, शिवम्, कोमल गौड, गीता वर्मा, रूपा कश्यप, सना बिलाल, तनिष, पायल शर्मा आदि छात्र छात्राओं के अभिभावकगण व स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अवैध खनन से भरा ट्रक पकड़कर किया सीज

**चिलकाना।** एसएसपी के सख्त निर्देशों पर पुलिस तथा राजस्व टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए खनन से भरा एक ट्रक पकड़ा है।

एएसपी थाना प्रभारी सिमरन सिंह आईपीएस व एसओ विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस तथा राजस्व टीम ने पठेड चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को ओवरलोड अवैध खनन सामग्री करते हुए पकड़ा। मौके पर ही उक्त ट्रक को सीज कर थाना लाया लाया गया है। कार्रवाई में एसआई चन्द्रपाल सिंह, कांस्टेबल हरिभान सिंह व राजस्व टीम से अशोक शामिल रहे।

## पेराई सत्र आठ अप्रैल को समाप्त

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गन्ने की खुली खरीद करके गन्ना क्रय केंद्र सफलतापूर्वक बंद कर दिए गए है, किसानों का बेसिक कोटा की निर्गत पर्चियां भी जारी हो चुकी है। मिल गेट पर भी गन्ने की खुली खरीद की जा रही है। मिल अधिकारियों द्वारा गन्ना क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। भ्रमण के दौरान पता चला है कि मिल के गन्ना क्षेत्र में नाममात्र का गन्ना खड़ा है। किसानों से अपील है कि जिन किसानों के खेतों में गन्ना खड़ा है वे किसान आठ अप्रैल तक अपना समस्त गन्ना मिल गेट पर क्रय कर दे।

# रोष सप्ताह के पहले दिन प्रदर्शन

**सहारनपुर।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय नेत्तृव के आहवान पर रेलवे कर्मचारियों ने मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक रोष सप्ताह के पहले दिन रेलकर्मियों ने प्रदर्शन किया और निजीकरण के बढ़ रहे प्रयासों की जमकर आलोचना कर इस पर अंकुश लगाने की मांग है।

आज राट्रीय नेत्तृव के आह्वान यूनियन से जुडे रेल कर्मचारी स्टेशन के मुख्यद्वार पर एकत्रित हुये और रोष सप्ताह के पहले दिन नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। यूनियन का आरोप है कि सरकार रेलवे के विभिन्न कार्यो को निजी हाथों में सौंपकर धीरे-धीरे रेलवे का निजीकरण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जो श्रम नियमों के विरुद्ध है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि रेलवे स्टेशनों, कोच मेंटेनेंस, सिग्नलिंग, इंजन व कोच रिपेयर, बुकिंग और आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना को पुन: लागू करना, एनपीएस/यूपीएस की समीक्षा, कोरोना काल में रोकी गई महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान, रिक्त पदों को तत्काल भरना और ठेका प्रथा पर रोक लगाना शामिल है। इसके अलावा आठवें वेतन आयोग में महंगाई के अनुसार वेतन निर्धारण, न्यूनतम और अधिकतम वेतन के अंतर को कम करना तथा 3.5 गुणांक (फिटमेंट फैक्टर) लागू करने की मांग भी उठाई गई है। तकनीकी कर्मचारियों, ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टीटीई और वाणिज्य कर्मचारियों को 10,000 रुपये यूनिफॉर्म भत्ता देने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। यूनियन ने अप्रेंटिस युवाओं को नौकरी देने, लार्जर स्कीम को पुन: लागू करने तथा विभिन्न भत्तों और लंबित अपग्रेडेशन को शीघ्र लागू करने की भी मांग की है। साथ ही रेलवे आवासों की खराब स्थिति में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। यूनियन ने चेता. वनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान आयोजित बैठक में अजय बिरला, राम प्रीत, बाबूराम, राजन वत्स, राजेन्द्र सिंह, संजय सिंह, अर्जुन सिंह, अनुज कुमार मौजूद रहे।

## युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाताश**

**गंगोह।** रविवार को दूध लेने जा रहे एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। सराजपुर रोड पर हुई इस वारदात में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

शकरपुर साकरोर गांव निवासी गौरव ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनका भाई सौरभ रविवार को दूध लेने के लिए डेयरी जा रहा था। सराजपुर रोड स्थित एक खोखे के पास पहुंचते ही तीन बाइकों पर सवार 7-8 अज्ञात युवकों ने, जिनके चेहरे ढके हुए थे, उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने सौरभ के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया।

# वॉलीबॉल शूटिंग टूर्नामेंट का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पंचायत दूधगढ़ में चौधरी क्लब द्वारा आयोजित एक दिवसीय वालीबॉल शूटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

आयोजित टूर्नामेंट मे सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट मे पहुंचे मुख्य अतिथि प्रधान प्रत्याशी हाजी शहजाद ने कहा कि खेलो के माध्यम से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गांव दूधगढ़ कमेटी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सहारनपुर की टीम दूसरे स्थान पर



रही। समापन अवसर पर दोनों विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान चौधरी राहत अली, हाजी शहजाद सद्दू, महताब बीडीसी, चौ. इनाम, शहीद अंसारी, इमरान बीडीसी, मास्टर इरशाद, अब्दुल मौजूद रहे।

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री उस्मानी को अभद्र व्यवहार व गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेंदार नहीं होगा।

**गुलशाना पत्नी स्व. जुलफक्कार निवासी ग्राम संकलापुरी, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

# पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** हरियाणा बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए थाना सरसावा पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते हुए पाए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए दर्जनों वाहनों के चालान काटे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें।


**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक 40 / जि.प./2026-27, दिनांक 06-04-2026

**सामान्य निविदा सूचना**

जिला पंचायत, के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो एंव उ.प्र. शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80जी- 2000, दिनांक 14.07.2020 के अनुपालन में राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर मे उपलब्ध जिलानिधि की धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कुल 63 निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 27.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक द्वित्तीय बार आमन्त्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर में खोली जाएगी व निविदा फार्म दिनाँक 25.04.2026 को कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर से प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकेंगे। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी. आर. जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहारनपुर के पद नाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। निर्माण कार्य से सम्वन्धित शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड व जनपद की वैबसाइट www.saharanpur.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा. अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत, सहारनपुर में निहित होगा।

| ( मुकेश कुमार ) | ( चन्द्रवीर सिंह ) | ( मांगेराम चौधरी ) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष, |
| जिला पंचायत, सहारनपुर | जिला पंचायत, सहारनपुर | जिला पंचायत, सहारनपुर |

**कार्यालय सहारनपुर, नगर निगम, सहारनपुर**

पत्रांक - 03 / निविदा / 2026-27 **-: ई-निविदा सूचना :-** दिनांक : 06-04-26

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 66 कार्यों हेतु निविदाये वर्ष 2026-27 में नगर निगम सहारनपुर में पंजीकृत एवं उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में जो नगर निगम सहारनपुर में पंजीकरण सीमान्तर्गत अर्ह ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत है, दिनांक 04.05.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम के अनुसार पर (तकनीकी/वित्तीय) ऑन लाईन के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा शुल्क एवं जमानत राशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही ऑन लाइन के माध्यम जमा की जायेगी। पेन नम्बर, जी०एस०टी०, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, T-6, अन्य दो 10-10 रू0 के स्टाम्प व यू०पी० इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लि0 तथा निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाइन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा। न्यूनतम निविदादाता (L1) द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों में से टी-6 व अन्य दो 10-10 रू0 के स्टाम्प की मूल प्रति अनुबन्ध से पूर्व जमा करनी अनवार्य है। तकनीकी निविदा में अर्ह पाये जाने वाले ठेकेदारो की ही बिड खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम सहारनपुर में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Referance | 03/निविदा/2026-27 दि० 06-04-26 |
| Publish Datc and timc for RFP | दिनांक 15.04.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 04.05.2026 को अपरान्ह 3 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 05.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | Executive Engineer Nagar nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | 10% security of tender value |
| E-tender Document Processing fee | As per tender list column no 6 |

नोटः- बिना अग्रिम जमा धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता
सहारनपुर नगर निगम

# शिक्षा ही से उन्नति संभव है: राज्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान स्कूल में 21वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।



सहारनपुर रोड स्थित सर्वोदय ज्ञान स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा ही से उन्नति संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों का होना भी आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने कक्षा 6 से 11 तक अपनी अपनी कक्षाओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाली अदिति, अनाया, अभि प्रताप सिंह, अवनी, लविका, महक, मानव, मयान, मीत, नंदिनी, शानवी, सत्या, ऐनी सिंह, आरव कौशिक, अनुष्का, अगम, गरिमा, अर्पण, आराध्या, देविक आदि को शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, संरक्षक हरि सिंह सैनी आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ और अभिभावक शामिल रहे।

## डोडा पोस्त चूरा के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने आपरेशन सवेरा के अंतर्गत अवैध मादक पद्धार्थो का कारोबार रोकने को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को मोहल्ला गुज्जरवाड़ा निवासी नौमान के पास से सवा किलो से अधिक डोडा पोस्त चूरा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 5/8 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्याययिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी नौमान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित चोरी एवं अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी ने बताया कि चौकिंग के दौरान आरोपी नौशाद को तल्हेडी चुंगी स्थित आम के बाग के निकट से गिरफ्तार किया।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित मेधावी बच्चों को किया पुरूस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** एसवीएम मॉडल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शानदार रिजल्ट देख बच्चों के चेहरे खिल उठे। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

सोमवार को गांव बचीटी स्थित एसवीएम मॉडल पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए कोतवाल देवबंद रोजंत त्यागी ने कहा कि शिक्षा जीवन का मुख्य आधार है। ग्रामीण संस्कृति से मिलने वाली शिक्षा के दम पर मेधावी छात्र सर्वोच्च पदों पर बैठकर देश की सेवाएं कर रहे हैं। कॉलेज के प्रबंधक प्रशांत त्यागी ने कहा कि शिक्षा के बल पर ही झोपड़ी में पैदा हुआ बच्चा भी देश के सर्वोच्च पद पर बैठ सकता है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नीता सैनी ने भी विचार रखे। इस दौरान विद्यालय



टॉप करने वाल कक्षा तीन के छात्र शाहनूर समेत सभी मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सुदेशपाल चौधरी, शुभम कुमार त्यागी, अंकित कुमार लांबा, मीनाक्षी त्यागी, संध्या चौधरी, साक्षी त्यागी, छवि त्यागी, शिल्पा बर्मन, इलमा त्यागी, फरहा त्यागी आदि शामिल है।

## विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को हुई असुविधा

**देवबन्द।** 33केवी बिजलीघर में क्षमता वृद्धि कार्य होने के कारण नगर की आधी आबादी में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसकी वजह से लोग दिनभर पानी की बूंद-बूंद को तरसते रहे। ट्यूबवैलों पर जनरेटर होने के बाद भी लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ा। इससे लोगों में पालिका के प्रति रोष व्याप्त है।

विद्युत निगम का स्टेट हाईवे स्थित 33केवी बिजलीघर पर क्षमता वृद्धि का कार्य प्रस्तावित था। जिसकी वजह से सुबह नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक नगर की आधी आबादी की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस कारण लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पाई। जिसकी वजह से लोग पानी की बूंद-बूंद को तरसते रहे। नगरवासियों का आरोप है कि ट्यूबवैलों पर जनरेटर रखे हुए हैं, लेकिन इनमें या तो अधिकांश खराब है ओर शेष जो चालू हालत में हैं उनमें तेल न होने की वजह से उन्हें चालू नहीं किया गया। इससे लोगों में पालिका के प्रति रोष घ्व्याप्त है। नगरवासी शादाब, रिजवान, महताब, वजाहत आदि का कहना है कि एक दिन पहले निगम की ओर से आपूर्ति बंद होने की सूचना जारी की गई थी। लेकिन उसके बावजूद पालिका की ओर से पेयजल आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

# सपा सरकार में अन्याय नहीं होगा सबको मिलेगा बराबरी का हक: उस्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पूर्व सूचना आयुक्त एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव हाफिज उस्मान ने कहा कि 2027 में पीडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।

खेड़ा मुगल में हुए समाजवादी किसान मजदूर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए हाफिज उस्मान ने कहा कि सपा सरकार में सबको बराबरी का हक मिलेगा। किसी के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में पुन: मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न दलों से आए सदस्यों को हाफिज उस्मान व राष्ट्रीय महासचिव





चौधरी रुद्रसेन ने पटका व लाल टोपी पहनाकर उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी परविंदर सिंह, चौधरी इंद्रसेन, जिलाध्यक्ष विपिन एडवोकेट, चौधरी झबल सिंह, डा. अजीत सिंह, सादात उस्मान आदि सपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संगठन के नाम का दुरुपयोग करने का आरोप

**देवबन्द।** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यद्वक्ष विकास सैनी ने एलआईयू के माध्यम से प्रशासन को भेजे पत्र में कुछ लोगों पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद/राष्ट्रीय बजरंग दल का स्वंय को पदाधिकारी बता आमजन एवं प्रशासन में भ्रम फैला भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया। कहा कि उक्त लोगों का संगठन से कोई वास्ता मतलब नहीं है, जबकि यह लोग संगठन के नाम का प्रयोग कर संगठन की छवि खराब कर रहे हैं। विकास सैनी ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि संगठन के नाम का दुरपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## श्री हरि कथा में भारतीय संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दिव्य ज्योति जागृती संस्थान के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्री हरि कथा के दूसरें दिन साध्वी बहनों ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान साध्वी बहनो ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें सत्य, अहिंसा, सेवा, करुणा और सदाचार जैसे मूल्यों का पालन करना सिखाती है, जो जीवन को संतुलित और सार्थक बनाते हैं।

शिक्षक नगर में आयोजित श्री हरि कथा में आशुतोष महाराज की शिष्याएं साध्वी अंबालिका भारती, सोमप्रभा भारती और पूजा भारती ने मौजूदा हालात में आधुनिकता की अंधी दौड़ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है, जिसके चलते नैतिक मूल्यों में गिरावट आ रही है। इसलिए ऐसे समय में भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति के बीच संतुलन बना रहे। इस दौरान साध्वी बहनों ने युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को समझें और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करें। क्योंकि यही हमारे देश की असली पहचान और शक्ति है। कार्यक्रम के समापन पर भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाते हुए भारतीय संस्कृति के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुलशन सेठी, नंद किशोर, संजय सैनी, सतीश, संजीव, सोनू और सुरेश गुप्ता आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

### जजों का हुआ तबादला

**देवबन्द।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेशभर के जजों के तबादले किए हैं। इसमें सिविल कोर्ट देवबंद के तीन जज भी शामिल है। तीनों जज देवबंद सिविल कोर्ट में अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। एडीजे विनित वासवानी का स्थानांतरण जनपद एटा, एसीजेएम परविंदर सिंह जनपद मथुरा और सिविल जज प्रिंस जिंदल का स्थानांतरण बलरामपुर जनपद में हुआ है। तीनों जजों के स्थान पर नए जज आगामी 15 अप्रैल तक अपना चार्ज ग्रहण करेंगे।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**धामपुर।** बीएस क्रिकेट क्लब धामपुर द्वारा आयोजित सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा ने किया। केएम इंटर कॉलेज खेल मैदान पर टूर्नामेंट के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में पहाड़ी दरवाजा क्लब और धामपुर फ्लेम क्लब आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए पहाड़ी दरवाजा क्लब ने आठ ओवर में 96 रन बनाए। टीम की ओर से अमान ने 50 रन और मो. हसिन ने 18 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सके। जवाब में धामपुर फ्लेम क्लब ने लक्ष्य को सात ओवर 2 गेंद में हासिल कर लिया। राघव ने 16 गेंदों में 40 रन, देव ने 19 रन और साहिब ने 20 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इस मैच में अम्पायर की भूमिका आमिर अंसारी एड. एवं शादाब ने निभाई। दूसरे मैच का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन रवि चौधरी ने किया। यह मुकाबला स्माइल क्रिकेट क्लब धामपुर और पैजनिया क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्माइल क्रिकेट क्लब ने आठ ओवर में 144 रन बनाए। टीम के कप्तान इस्माइल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन की पारी खेली। जिसमें 13 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। शबलू ने 23 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैजनिया क्लब 120 रन ही बना सकी और 23 रन से मैच हार गई। पैजनिया की ओर से सलमान ने 31 रन बनाए। इस मैच में अम्पायर आमिर अंसारी एड. एवं मौहम्मद तालिब अंसारी रहे। टूर्नामेंट के आयोजन में आमिर अंसारी एड., सलीम उर्फ पप्पू, रितेश जुनेजा, योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया एवं मौहम्मद शान का विशेष सहयोग रहा।



## आज भी आधे शहर रहेगी विद्युत आपूर्ति ठप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विद्युत उपखंड अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मंगलवार को सांपला रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र पर पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक तक 11 केवी फीडर टाउन रेलवे रोड, 11 केवी फीडर टाउन एसडीएम कोर्ट, 11 केवी टाउन नम्बर 3, 11 केवी टाउन नम्बर 6, 11 केवी फीडर गंगा शूगर एवं देहात क्षेत्र के 11 केवी फुलास और 11 केवी सांपला की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से धैर्य रखने की अपील की है।

## जुलाई में मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्रीहित हरिवंश संदेश सेवा ट्रस्ट की बैठक में प्रथम वार्षिक उत्सव जुलाई माह में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक प्रबंध कार्यकारिणी भी गठित की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीहित निकुंज चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वार्षिक उत्सव की प्रबंध कार्यकारिणी में निशांत मित्तल, नितिन गुप्ता, डा. विनय शर्मा, ऋषि कपूर, मनीष गिरधर, गगन मित्तल, अभिषेक सिंघल, पुनीत छावड़ा, सचिन छाबड़ा, राजेश अजमानी, गगनदीप सेठी, कमलदीप सिंह, अंशुल वर्मा, निखिल अग्रवाल, संजय सलूजा, धर्मेश त्यागी को शामिल किया गया है।

# सब्सिडी जारी, लेकिन नहीं मिला गैस कनैक्शन

## उज्ज्वला योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह

डा. मुसिफुल हक

**मंडावली।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जिसका उद्देश्य गरीब महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है, अब सवालों के घेरे में आती नजर आ रही है। मंडावली क्षेत्र में सामने आए एक मामले ने योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।




प्राप्त समाचार के अनुसार एक महिला के खाते में 03 मई 2024 से लगातार गैस सब्सिडी आ रही है, लेकिन उसे आज तक गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप उपलब्ध नहीं कराया गया।

बताया गया है कि महिला द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत आवेदन किया गया था। जब वह गैस कनेक्शन की जानकारी लेने एजेंसी पहुंची तो 05 फरवरी 2026 को उसका आधार सत्यापन (केवाईसी) भी कर लिया गया, लेकिन इसके बावजूद उसे कोई सामग्री नहीं दी गई। गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि महिला उनसे मिलने नहीं आई या उसकी जानकारी पूर्ण नहीं थी, जिसके कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। लेकिन पीड़िता का कहना इससे बिल्कुल उलट है। महिला के अनुसार, वह कई बार एजेंसी के चक्कर काट चुकी है। हर बार उसे आश्वासन देकर टाल दिया गया। लगातार अनदेखी से परेशान होकर महिला ने अंतत: जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और मीडिया के सामने आकर आपबीती सुनाई।

जब खाते में सब्सिडी जा रही है, तो क्या कनेक्शन रिकॉर्ड में चालू दिखाया गया है? अगर हां, तो लाभार्थी को सामग्री क्यों नहीं मिली? क्या यह सिर्फ एक मामला है या और भी लाभार्थी इसी तरह प्रभावित हैं? यह मामला केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि योजना के क्रियान्वयन और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़ा करता है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो ऐसे मामलों से सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर असर पड़ सकता है। मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो। संबंधित एजेंसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए। पीड़ित महिला को तत्काल योजना का लाभ दिलाया जाए।

# नौ को आ रहे मुख्यमंत्री योगी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ अप्रेल को वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके लिए अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज सुबह विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा जिले में पांच करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण तथा जिन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है, उनकी पूरी जानकारी की जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को आज शाम तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में शासकीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, उसकी सूचना भी जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**Notice**

Vivek kishore bajaj s/o mr.krishan lal bajaj address 34, panchwati delhi road, kishore bagh colony, district saharanpur,u.p.-247001 do here by solemnly and declared that some of my documents my name is mentioned is vivek bajaj where in other documents my name is mentioned vivek kishore bajaj Vivek kishore bajaj and vivek bajaj is one and same person i.e. the deponent.

## आसपा सांसद का स्वागत



**नांगल सोती।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद आज प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद ने आगामी विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा चुनाव में सफलता के लिए हमें अपनी बूथ कमेटी, सेक्टर कमेटी को मजबूत करना होगा और घर -घर जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करना होगा।

# दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन का शुभारंभ सीडीओ रणविजय सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह, कॉलेज के संस्थापकराजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निद. ेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डा. विवेक वर्मा ने फीता काटकर किया।

इस दौरान चेयरमैन मनोज कुमार ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा और दक्षता का आंकलन ऐसे ही शारी. रिक खेलों द्वारा ही किया जाता है। प्रत्येक युवा के अंदर खेल का जज्बा होता है जिससे वे दिन रात मेहनत कर देश के लिए प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले, 1600 मीटर रिले, कबड्डी, खो-खो और गोलाेंक प्रमुख रहे। खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। वहीं लंबी कूद में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में दौड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार, (बी.एएलएलबी) ने प्रथम स्थान, मौहम्मद फैज (बी. फॉर्मा) ने द्वितीय स्थान एवं मौहम्मद अदीब (बी.फार्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में आरजू (बीसीए) ने प्रथम स्थान, खुशी चिकारा (बीएससी) ने द्वितीय स्थान एवं अनुष्का (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार (बी.एएलएलबी) ने प्रथम, रवीश अहमद (बीएएलएलबी) ने द्वितीय तथा मौहम्मद अदीब (बी. फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं महिला वर्ग में कसक (बीबीए) ने प्रथम स्थान व आरजू (बीसीए) ने द्वितीय तथा खुशी त्यागी (बी.फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में (पुरुष वर्ग) में केतन कुमार (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) ने प्रथम स्थान व द्वितीय मुज्जमिल (बीएससी ऑनर्स) ने तथा आकाशा पाल (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में जतीन (बी.फॉर्मा) ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान मौहम्मद अदीब (बी.फॉर्मा) ने तथा देवांष (बी. फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान विशाखा (एलएलबी) ने व द्वितीय स्थान चारू सिंह (बीएससी नर्सिंग) ने तथा सुहानी (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 28-26 के अंतर से हराया। खो-खो (महिला वर्ग) के फाइनल में कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 08-06 के अंतर से हराया। 400 मीटर रिले (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्रथम व कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज ने द्वितीय व कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मुम्बई को भी कड़ी टक्कर देगी राजस्थान

**गुवाहाटी मे दोनो के बीच मुकाबला आज शाम 7:30 बजे होगा**



**गुवाहाटी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले मैच में मिली हार की निराशा से उबरते हुए वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुक.ाबले में राजस्थान की टीम हालिया जीतों से उत्साहित होकर इस मैच में उतर रही है, यह एक ऐसी टीम है जिसका आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है।

उनके प्रदर्शन में आत्मविश्वास झलकता है। रियान पराग की कप्तानी में, टीम में एक अलग ही तरह का संयम देखने को मिल रहा है, यह एक युवा टीम है जो अपने इतिहास के भारी बोझ के बिना खेल रही है, लेकिन अपनी क्षमताओं को लेकर पूरी तरह से जागरूक है। उनकी बल्लेबाजी ने काफी अच्छे संकेत दिए हैं, और टीम के हर खिलाड़ी ने सही समय पर और पूरे तालमेल के साथ अपना योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरुआत में ही तेज और शानदार खेल दिखाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जिसमें उनका इरादा और निरंतरता साफ झलकती है। वैभव सूर्यवंशी की मौजूदगी ने टीम की बल्लेबाजी में एक नई जान डाल दी है, उनकी निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में, ध्रुव जुरेल ने पूरी परिपक्वता के साथ पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम को शानदार फिनिशिग दी है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है। रवींद्र जडेजा की हरफनमौला क्षमताओं ने टीम के निचले क्रम को और भी मजबूत बनाया है, जिससे टीम को तेजी से रन बनाने और संतुलन बनाए रखने में मदद मिली है।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम की गेंदबाजी अभी भी चिंता का एक विषय बनी हुई है। जोफ आर्चर ने अपनी तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के दम पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है, जबकि नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से स्विग और मूवमेंट का फायदा उठाकर उनका बखूबी साथ दिया है। मध्य ओवरों में, रवि बिश्नोई ने अपनी विविधताओं का इस्तेमाल करते हुए विकेट लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिसमें संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे की अनुशासित गेंदबाजी ने उनका पूरा साथ दिया है। इन व्यक्तिगत प्रयासों के बावजूद, मैच के अलग-अलग चरणों में लगातार नियंत्रण बनाए रखना अभी भी एक बड़ी चुनौती है, जिसकी असली परीक्षा शायद दबाव भरे पलों में ही होगी। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की टीम खड़ी है, एक ऐसी टीम जो पिछले कई वर्षों से लगातार मिली सफलताओं के कारण अपने कंधों पर उम्मीदों का भारी बोझ लेकर चल रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, यह टीम अपनी पहचान की तलाश में उतनी नहीं है, जितनी कि अपनी निरंतरता को वापस पाने की तलाश में है। हाल के नतीजे भले ही उतार-चढ़ाव भरे रहे हों, लेकिन इस स्तर की टीमें शायद ही कभी अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से परिभाषित होती हैं। टीम में बल्लेबाजी में अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मेल है।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में रिजवी सबसे आगे पर्पल कैप तालिका में बिश्नोई शीर्ष पर





**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) तथा चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए तीन-तीन मैच खेले है। ऑरेंज कैप की दौड़ में जहां समीर रिजवी तथा पर्पल कैप की तालिका रवि बिश्नोई शीर्ष पर है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज सबसे आगे चल रहे है। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नम्बर 4 के बल्लेबाज रिजवी ने दोनों ही मौकों पर लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी की और दोनों ही बार अपनी टीम को मैच जिताया। पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाकर (नाबाद), और दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन बनाकर। इन दोनों ही पारियों के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड भी मिला।

**खेल विशेष**

## हैदराबाद में 16 से 28 जून तक खेली जाएगी रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैदराबाद में 16 से 28 जून तक रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। आज जीएमआर स्पोर्ट्स ने, इस खेल की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी, रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में घोषणा करते हुए कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का दूसरा संस्करण 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबोवली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। रग्बी प्रीमियर लीग के इस सत्र में तेज-तर्रार रग्बी 7एस प्रारुप में वापस आ रही है। दूसरे एडिशन में पहले एडिशन की छह फैंचाइजियां शामिल होंगी। इस अवसर पर हैदराबाद में लीग का स्वागत करते हुए तेलंगाना सरकार के (युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति और खेल विभाग) के विशेष मुख्य सचिव जएश रंजन ने कहा कि एक वैश्विक खेल डेस्टिनेशन के रूप में हैदराबाद का उभरना तेलंगाना के लंबे समय के नीतिगत विजन और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के लिए संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

## ब्राजील के पूर्व कोच डोरिवल ने कोरिथियंस से नाता तोड़ा

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व मैनेजर डोरिवल जूनियर को खराब प्रदर्शन के बाद कोरिथियंस के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। रविवार देर रात जारी एक बयान में डोरिवल जूनियर को मुख्य कोच पद से हटाए जाने के बाद कोरिथियंस ने कहा कि अंडर-20 टीम के कोच विलियम बतिस्ता अंतरिम आधार पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे। यह घोषणा अपने घरेलू मैदान पर 1-0 की हार के बाद की गई। इस हार के बाद साओ पाउलो का यह क्लब 20 टीमों वाली ब्राजीलियन सीरी ए की अंक तालिका में 16वें स्थान पर खिसक गया है। क्लब ने 10 मैचों में केवल दो में जीत हासिल की है।

# ब्लैंका व्लासिक को टीसीएस वर्ल्ड 10 के का एंबेसडर किया नियुक्त

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2026 के प्रमोटर, प्रोकैम इंटरनेशनल ने सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दो बार की विश्व चैंपियन ब्लैंका व्लासिक को 26 अप्रैल को होने वाले के आगामी संस्करण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा का एंबेसडर नियुक्त किया है। एथलेटिक्स के इतिहास की सबसे कामयाब हाई जंपर्स में से एक, व्लासिक को लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और सबसे ऊंचे स्तर पर मिली सफलता के लिए जाना जाता है। उन्होंने बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता और उसके बाद रियो 2016 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

वह कई बार वर्ल्ड चैंपियनशिप और वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ 2-08 मीटर है, जो उन्होंने 2009 में हासिल किया था। यह अभी भी क्रोएशिया का नेशनल रिकॉर्ड है और महिलाओं की हाई जंप के इतिहास में तीसरी सबसे ऊंची छलांग है। इस स्पर्धा से अपने जुड़ाव को लेकर व्लासिक ने कहा कि उन्हें इस दौड़ के 18वें एडिशन का हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी स्पर्धा से जुड़ना, जो दौड़ने के जरिए हजारों लोगों को एक साथ लाता है, बहुत ही प्रेरणादायक और जोश भरने वाला अनुभव है।

# पांड्या ने नेट्स पर किया अभ्यास



गुवाहाटी, वार्ता। खराब स्वास्थ्य के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होने वाले मैच से पहले रविवार को यहां नेट पर अभ्यास किया। वार्म अप करने के बाद फिजियो नितिन पटेल की निगरानी में हार्दिक ने गेंदबाजी शुरू की और खाली नेट्स में अच्छी स्पीड के साथ यॉर्कर फेंके।

इस दौरान बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड भी उन पर नजर रखे हुए थे। इसके बाद हार्दिक ने बल्लेबाजी अभ्यास भी किया और गेंद उनके बल्ले के बीच में आती दिखती रही। हार्दिक अभ्यास सत्र के दौरान बेहतरीन लय में दिखें और मंगलवार को उनकी वापसी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हार्दिक ने एमआई के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवरों में 39 रन देकर एक विकेट लिए थे और 11 गेंद में 18 रन भी बनाए थे। इस मैच को एमआई ने छह विकेट से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एमआई की अगुवाई करने वाले सूर्यकुमार यादव ने उस दिन हार्दिक को 'अनउपलब्ध' बताया था। इसके कारण एमआई को अपनी टीम में एक नहीं दो बदलाव करने पड़े थे। गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए दीपक चाहर और कॉर्बिन बॉश टीम में अंदर आए थे, वहीं ट्रेंट बोल्ट को बाहर बैठना पड़ा था।

# आंध्र ओपन का उद्घाटन विशाखापत्तनम आज

विशाखापत्तनम, वार्ता। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मान्यता एवं संचालन संस्था है, ने आंध्र ओपन के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की है।

यह टूर्नामेंट 7 से 10 अप्रैल, 2026 तक विशाखापत्तनम के ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में खेला जाएगा। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। आंध्र ओपन 2026 को मेजबान स्थल ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब (ईपीजीसी) और इवेंट पार्टनर आंध्र प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन (एपीजीए) का समर्थन प्राप्त है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवर खिलाड़ियों में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट के अग्रणी सप्तक तलवार, वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंधास, अंगद चीमा, हनी बैसोया और अजीतेश संधू शामिल हैं।

अंगद चीमा ने वर्ष 2024 में ईपीजीसी में जीत दर्ज की थी। विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के एन- थंगराजा सबसे प्रमुख नाम हैं, जिन्होंने 2023 में ईपीजीसी में जीत हासिल की थी। इस प्रतियोगिता में नौ देशों से कुल 18 विदेशी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्थानीय चुनौती का नेतृत्व विशाखापत्तनम के पेशेवर खिलाड़ी एस- मुथु और मोहम्मद रहमान करेंगे। एम- एस- एन- राजू, मानद सचिव, ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, ने कहा, ष्ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब की स्थापना 1884 में हुई थी।

# संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह मार्च के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। वहीं महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका इस दौड़ में शामिल हैं।

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के आखिर में सैमसन की जबरदस्त फॉर्म, ने उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिलाया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जसप्रीत बुमराह भी इस दौड़ में शामिल है। नए खिलाड़ी एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड में अपनी शानदार टी-20 डेब्यू सीरीज के बाद इस शॉर्टलिस्ट में अपनी जगह बनाई है,?



इस सीरीज में उन्होंने अपने देश के किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले पांच टी-20 मैचों के बाद सबसे बेहतरीन आंकड़े दर्ज किए। इस दौरान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 मैचों में केर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने का मजबूत दावेदार बना दिया है, जबकि मूनी ने भी भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों प्रारुपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। खाका न्यूजीलैंड में हुई टी-20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, जिसके बाद उन्होंने पहले एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

# भारतीय शूटर्स की नजरें मिक्स्ड टीम इवेंट्स के साथ मजबूत शुरुआत पर

**ग्रेनाडा (स्पेन), वार्ता।** भारतीय शूटर्स की नजरें इंटरनेशनल राइफल/पिस्टल सीजन की मजबूत शुरुआत पर होंगी, क्योंकि वे मिक्स्ड टीम इवेंट्स कल (7 अप्रैल) को यहां लास गैबियास शूटिग रेंज में ग्रेनाडा में आइएसएसएफ राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप की शुरुआत करेंगे। 10मी एयर राइफल और 10मी एयर पिस्टल में मिक्स्ड टीम इवेंट्स के मेडल कल तय किए जाएंगे।

कॉम्पिटिशन 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम के क्वालिफिकेशन के साथ 12:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम सुबह 9:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 16:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 1 बजे) तय है। 10मी एयर राइफल मिक्स्ड टीम के लिए क्वालिफिकेशन 15:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 12:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 19:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम शाम 4 बजे) तय है। पिस्टल इवेंट में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया, 25मी पिस्टल में 2024 जूनियर वर्ल्ड चैंपियन मुकेश नेलावल्ली के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि 2025 वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट संयम, उज्ज्वल मलिक के साथ जोड़ी बनाएंगे।

उनका मुकाबला इस डिसिप्लिन के कुछ जाने-माने शूटर्स से होगा, जिसमें मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन शामिल हैं। चीन, जिसने नई दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप छोड़ दी थी, ने सीजन के अपने पहले इवेंट में दो वर्ल्ड क्लास जोड़ियों को उतारा है। मौजूदा मिक्स्ड टीम वर्ल्ड चैंपियन हू काई और याओ कियानक्सुन और पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जी यू के साथ 21 साल के पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट शेन यियाओ बाकी फील्ड के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे। दूसरी खास जोड़ियों में पेरिस ओलंपिक्स के सिल्वर मेडलिस्ट सेवल इलायडा तरहान और तुर्की के यूसुफ डिकेक, सर्बिया के जोराना अरुणोविच और दामिर मिकेक, हंगरी के वेरो. निका मेजर और अकोस कैरोली नैगी और जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज और स्वेनजा बर्ज शामिल हैं।

# संग्राम अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** जब रविवार की रात को पूरा भारत सो रहा था, तब एमएमए का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था। उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ। उम्र में 16 साल छोटे फांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां बयूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशाई कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली।

इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए



जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती। जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ। मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया। संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे।

## कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी होंगे शामिल

**मॉरीशस, वार्ता।** लिएंडर पेस की मेजबानी में होने आईजीपीएल 2026 के तीन चरणों वाले अफ्रीकी सेगमेंट में करनदीप कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी शामिल होंगे। अनाा. हता गोल्फ कोर्स में नौ से 11 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए जापान में एक शानदार सप्ताह के बाद, 27 वर्षीय कोचर सीधे वहां से मॉरीशस आ रहे हैं। वह जापान में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। इस साल एशियन टूर पर तीन टूर्नामेंटों में यह उनका दूसरा 'टॉप-5' प्रदर्शन था। इस लेग में शामिल होने वालों में कोचर के अलावा 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर, आईजीपीएल 2025 के ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर रहे पुखराज गिल और आईजीपीएल में कई बार जीत हासिल करने वाले अमन राज प्रमुख हैं।

# ब्राजील की सीरी ए में फ्रलेमेंगो ने सैंटोस को 3-1 से हराया

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की सीरी ए में एक गोल से पिछड़ने के बाद फ्लेमेंगो ने दूसरे हाफ में तीन गोल करते हुए सैंटोस पर 3-1 से जीत दर्ज की। रविवार को रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड लुटारो डियाज ने लंबी दूरी का शॉट लगाकर मेहमान टीम को बढ़त दिला दी।

फियोरेंटीना के पूर्व स्ट्राइकर पेड्रो ने दाईं ओर से जॉर्ज कैरास्कल के क्रॉस के बाद, छह-यार्ड बॉक्स के अंदर से हेडर लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद, 71वें मिनट में जोर्जिनहो ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया। वेस्ट हैम के पूर्व मिडफील्डर लुकास पाकेटा ने 89वें मिनट में गोंजालो प्लाटा के साथ मिलकर एक 18-यार्ड का जोरदार शॉट मारकर जीत पक्की कर दी।



इस जीत के साथ ही बीस टीमों की तालि.का में फ्लेमेंगो 17 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ब्राजील की सीरी ए में रविवार को अन्य मैचों में, ग्रेमियो को 10 खिलाड़ियों वाली टीम रेमो ने अपने घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। ब्रागांटिनो ने मिरासोल को 1-0 से हराया। इंटरनैशनल ने कोरिथियंस को 1-0 से शिकस्त दी। एटलेटिको मिनेइरो ने एटलेटिको परानाएन्से के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत दर्ज की और पाल्मेरास ने बाहिया को 2-1 से हराया।

# युद्ध स्तर पर जारी एक्सप्रेस वे के लोकार्पण की तैयारियां

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे को बनाये जा रहे तीन हैलीपैड, लगातार तैयारी में जुटा पुलिस प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री के संभावित दौरे की तैयारी जोरों पर है। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में पैरा मिलिट्री फोर्स, पीएसी और पुलिस के 4000 जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे इन जवानों के ठहरने की व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी फतेहपुर और बिहारीगढ़ थाना पुलिस को दी गई है। इसके लिए क्षेत्र के आसपास शिक्षण संस्थानों की सूची तैयार की जा रही है।

दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 14 अप्रैल को संभावित है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य वीआईपी नेता शामिल होंगे। इनके लिए गणेशपुर में एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ तीन-तीन हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। हेलीपैड से डाट कली मंदिर तक 12 किलोमीटर के रास्ते और



जनसभा स्थल तथा आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए पश्चिमी यूपी के सभी जिलों से तो पुलिस वाला आएगा ही साथ ही पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी पहुंचेंगे। यह फोर्स कई दिन पहले जिले में पहुंच जाएगी इनके रुकने का इंतजाम बिहारीगढ़ और छुटमलपुर क्षेत्र के आसपास के ऐसे स्कूलों में किया जाएगा जहां पर कमरों के साथ-साथ बाथरुम और शौचालय की व्यवस्था भी हो।

उधर तैयारी में एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी अभिषेक सिंह और डीएम मनीष

■ **सुरक्षा के कडे इंतजाम, चार हजार जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा, ढाबे व होटल बंद**

बंसल, एसएसपी अभिनंदन सिंह लगातार अपने अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं।

उधर एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह हेलीपैड और जनसभा स्थल पर चल रही तैयारी का दिनभर निरीक्षण करते रहे नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों की देखरेख में मजदूरों द्वारा हैलीपेड तक खड़ौंजा बनाने के काम में जुटे हैं। मैदान को समतल करने के लिए मशीन लगाई गई है और निर्माण सामग्री भी मौके पर पहुंच रही है।प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते प्रशासन हर स्तर पर तैयारी को अंतिम रूप देने को तैयार है ।

# तीसरी बार अध्यक्ष बने एम पी चावला




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फ्रेंड्स मोर्निंग क्लब के वार्षिक चुनाव में एम पी सिंह चावला लगातार तीसरी बार प्रधान बने है। उप प्रधान हरीश ईशपुजानी को बनाया गया है।

नवाब गंज चौक स्थित कार्यालय पर चयन समिति के सदस्यों पूर्व प्रधान राकेश सचदेवा एवं राजेश गाँधी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें प्रसिद्ध समाजसेवी एम पी सिंह चावला को लगातार तीसरी बार प्रधान और पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश इशपुजानी को उपप्रधान घोषित किया गया। पूर्व कोषाध्यक्ष सतीश कक्कड़ और पूर्व कोषाध्यक्ष गुरजीत मल्होत्रा ने वरिष्ठ सदस्यों अरविन्दर पाल सिंह चावला, नरेश मदान, संजय तनेजा, डिम्पी, अजय ठकराल, विनोद वर्मा, बॉबी गुम्बर, गौरव मारवाह, राजीव अरोड़ा के अलावा कम्पनी गार्डन क्लब के पदाधिकारियों अनिल अरोड़ा, हर्ष डाबर, अशोक छाबड़ा, हरीश भटेजा,सुशील जसूजा,सुनील, दलीप आदि ने भी माल्यार्पण करके और मुँह मीठा कराकर स्वागत किया।

# करीब 74 किलोमीटर लंबा है एक्सप्रेस वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** करीब 74 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे में 12 किलोमीटर का वाइल्डलाइफ कॉरिडोर तैयार किया गया है जो एशिया का सबसे बड़ाबताया जा रहा है। यह कॉरिडोर राजाजी नेशनल पार्क की रमणीय वीडियो से होकर गुजरता है जहां वन्य जीवों किसी सुरक्षित आवाज आए सुनिश्चित की गई है।

सिद्ध पीठ माता डाट काली मंदिर से गणेशपुर तक 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड क्षेत्र पूरी तरह तैयार खड़ा है। शिवा. लिक की बरसाती नदियों के ऊपर बना यह हिस्सा भेद संवेदनशील क्षेत्र में तैयार किया गया है। माना जाता है कि व वायाडक्ट और सुरंग से यह यात्रा और आसान हो जाएगी। इसके साथ ही सिद्ध पीठ माता डाट काली मंदिर के पास 26 करोड़ की लागत से 1.3 किलोमीटर लंबा वायाडक्ट तैयार किया गया है।

करीब 1995 करोड़ की लागत से 340 मीटर लंबी तीन लेने सुरंग तैयार की गई है जिसकी चौड़ाई 11 मीटर ऊंचाई 7 फीट है। वन्य जीव और यात्रा के लिए आधुनिक सुविधा के लिए 6 एनिमल अंडरपास दो हाथी अंडरपास 113 छोटे अंडर पास बनाए गए हैं।

# हर्षोल्लास से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर स्थापना दिवस हर्षोल्लास व बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया।

दिल्ली रोड स्थित कार्यालय पर राज्य मंत्री बृजेश सिंह व जसवंत सैनी ने कहा कि आज हम अपनी पार्टी का 47 वा जन्मदिवस मना रहे है। अगले दो वर्ष बाद स्वर्ण दिवस मनाएंगे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की चौथी अर्थ व्यवस्था बनने के साथ साथ भारत विश्व शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। हमे यहां तक पहुंचने में चार पीढ़ियां लगी जनसंघ के समय से संघर्ष करते हुए जनता पार्टी से अलग होकर 6अप्रैल 1980 को भारतीय जनता की स्थापना हुई। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। नगर विधायक राजीव गुंबर व महापौर अजय सिंह ने कहा हम सबको गर्व है कि विश्व की सबसे बड़ी



पार्टी के हम कार्यकर्ता है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष मांगे राम, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, नरेश सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, हेमंत अरोड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनवीर पुंडीर, विजेंदर कश्यप, अमर गुप्ता, ,महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमति नूतन शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता ने भी विचार रखे।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा की हम सब स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अपने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाए ओर बूथ स्तर पर चल रहे कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करे। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज हम सब विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता है ये हम सब का सौभाग्य है।

कार्यक्रम में किशोर शर्मा, ललित कटारिया, जिला महामंत्री राकेश आर्य, जिला उपाध्यक्ष रुचि यादव, किशोर चौधरी, चंद्रपाल राणा, मनोज ठाकुर, संदीप रावत, मानवेंद्र भारद्वाज, नीरज ठकराल, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, गोपाल मेहंदीरत्ता, अमित शर्मा, विजय चौहान, मंत्री ठाठ सिंह राणा, आरती शर्मा, बबीता सैनी, दुष्यंत सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला व महानगर महामंत्री पवन सेवई, सरदार सुप. नीत द्वारा किया गया।

# अश्लील फब्तियां कसने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बाजार में आने जाने वाली महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी एएसपी सिमंरन सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा गस्त चौकिंग के दौरान चिलकाना बस स्टैण्ड पर पीपल के पेड के नीचे खडे होकर आने जाने वाली युवतियों तथा महिलाओ को देखकर गन्दे इशारे व अश्लील फब्तिया कसने वाले एक आरोपी रईस पुत्र शफीक निवासी मोहल्ला मजहर हसन कस्बा व थाना चिलकाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।

# शारिक से होगी पार्टी मजबूतः चौ.नीरपाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के केंद्रीय कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने शारिक चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि शारिक चौधरी को खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाकर संगठन को मजबूती देने का कार्य किया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल चौधरी ने कहा कि 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कमेटी की घोषणा कर दी जाएगी। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, डॉ विजयवीर सिंह, मो . आरिफ, संजीव त्यागी, मोनू गुर्जर, राजदीप ढाका आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में शुरू सांस्कृतिक व साहित्यिक उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय परिसर में वार्षिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव "मेराकी 5.0" का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के कर-कमलों द्वारा फीता काटकर कर किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जमीरुल इस्लाम और डॉ. शोभा त्रिपाठी के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रीना कुमारी और डॉ. वैशाली के संयोजन में मेहंदी प्रतियोगिता से



हुई। इस कार्यक्रम की स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर हमना रही। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान विधि विभाग की अलीना राशिद, यूनानी विभाग की सुमैया और नर्सिंग विभाग की अलीना ने प्राप्त किया।

दूसरी प्रतियोगिता डॉ. आश्रित दुबे और डॉ. अंकित गर्ग और छात्र कोर्डिनेटर कोमल के संयोजन में रंगोली प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता की विजेता टीम क्रमशः सलोनी ग्रुप, अलीशा ग्रुप और सोफिया ग्रुप रही। तीसरी प्रतियोगिता डॉ मोहम्मद इमलाक, डॉ निकिता कोहली और छात्र कोर्डिनेटर समसुद्दीन के संयोजन में स्टोन आर्ट की हुई। जिसमें प्रथम स्थान अलीना रशीद, द्वितीय स्थान सानिया तथा तृतीय स्थान कोमल को प्राप्त हुआ। चौथी और अंतिम प्रतियोगिता फेस पेंटिंग की हुई। इसमें प्रथम स्थान मुकम्मिल, द्वितीय स्थान नीशू तथा तृतीय स्थान सलोनी को प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम डॉ ऐनी और डॉ खुशबू कौशर और छात्र कोर्डिनेटर सयान शाहिदी अफजल के संयोजन में हुई। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर वर्षा देवा, डॉक्टर रेशमा ताहिर, डॉ अतिका बानो, डॉ अरुल वर्धन, डॉ अनूप, डॉ सैयद कामरान, डॉ संदीप गुप्ता और डॉ बाबू खान रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। वहीं, रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मंच के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

# मौलाना फरीद ने इंतकाल पर जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मशहूर व मुअज्जज आलिमे दीन, ऑल इंडिया मिली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अहम रुक्न और जामिया गुलजार हुसैनिया अजराड़ा (मेरठ) के मोहतमिम मौलाना हकीम अब्दुल्लाह मुगीसी के इंतकाल पर जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी ने गहरा दुख जताया है।

मौलाना मुगीसी का तालुक जनपद की तहसील बेहट के गांव घगरोली से था। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी दीन-ए-इस्लाम की खध्मित, तालीम-ओ-तर्बियत, मिल्लत की रहनुमाई और समाजी भलाई के कामों में गुजारी। उन्होंने कई दीनि इदारों की सरपरस्ती करते हुए हजारों तलबा की तालीम व तर्बियत की और मिल्लत के लिए अहम खिदमात अंजाम दीं। जिला भर के उलेमा, सियासी और समाजी हस्तियों ने उनके इंतकाल पर गहरा दुख जताया और इसे मिल्लत का बड़ा नुकसान करार दिया।



जामा मस्जिद के प्रबंधक और जमीयत उलेमा-ए-हिंद सहारनपुर के कार्यकारिणी के सदस्य मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने गहरे रंज व गम का इजहार करते हुए कहा कि मौलाना मुगीसी का इंतक. ाल पूरी मिल्लत के लिए एक बड़ा नुकसान है। उन्होंने अपनी जिंदगी का हर लम्हा दीन की इशाअत, मुल्क व कौम की तरक्की और मिल्ली तहरीकों के लिए वक्फ कर दिया।

रविवार को मेरठ जनपद के कस्बा अजराड़ा में उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा की गई, जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत कर उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी। जामा मस्जिद सहारनपुर के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ जनाजे में शामिल हुए और परि. जनों खासकर उन के बेटे मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगेसी से मुलाकात कर ताजियत पेश की और शोक जताया।

वहीं मौलाना मोहम्मद मो. हसिन नदवी ने कहा कि मौलाना मुगीसी इल्म व अमल के जामे, हिकमत व बसीरत के मालिक और सादगी व इंकसारी की मिसाल थे। उन्होंने अपनी जिंदगी में कई नस्लों की तर्बियत की, जिसकी बदौलत आज हजारों हाफिज और आलिम दीन की खिदमत में लगे हुए हैं।

# भ्रष्ट अफसर होंगे सलाखों के पीछेः मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि मेरठ से स्थानांतरण होकर आई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष कोर्ट सहारनपुर के लिए वरदान साबित हुई।



डा.अशोक मलिक ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अंबिका प्रसाद ओझा, गंगोह आरटीई के तत्कालीन पटल प्रभारी कृपाल मलिक एवं वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र पाल सिंह को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायालय न्यायाधीश पी सी एक्ट मनीष कुमार की अदालत में परिवाद दाखिल किया गया था शिक्षा विभाग ने स्वयं फर्जी शिकायत कर दो स्कूलों के 108 बच्चों का फीस प्रतिपूर्ति व अभिभावकों की प्रोत्साहन राशि का शिक्षा विभाग में स्कूल संचालक के द्वारा रिश्वत नहीं देने के कारण से रोक दी गई थी। इसके संबंध में जिलाधिकारी से लेकर महानिदेशक बेसिक शिक्षा सहित मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन तक सभी आला अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन भ्रष्टाचार की जड़ ऊपर से लेकर नीचे तक इतनी मजबूत हो चुकी है की अधिकारी बेलगाम होकर कार्यालय को अपना खाला का घर समझ कर दोनों हाथों से लूटने पर मशगूल हो रहे हैं। फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय ने आज आखिर सभी अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ धारा 173 (4) बी एन एस एस बीएनएसएस में परिवाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्रिमिनल के वरिष्ठ अधिवक्ता संगठन के पूर्व सचिव चौधरी रणधीर सिंह ने अपनी जोरदार दलील व बहस में मुकदमे की पैरवी टेयरवे करते हुए कहा कि आखिर सच को आच नहीं की कहावत सिद्ध हुई है।

# टूटे पुल पर गुजर रहे ओवरलोडिंग

**गंगोह।** कुरैशियान चौक पर सड़क सुरक्षा की हालत बेहद बदतर बनी है। टूटी पुलिया पर पुरानी मोटरसाइकिल को जुगाड़ तरीके से ठेला/रेड़ा बनाकर माल ढुलाई की जा रही है।

क्षमता से अधिक सामान भरा ओवरलोड जुगाड़ रेहड वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और उसकी चपेट में आने से कुछ लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला। सभासद प्रतिनिधि नदीम कुरैशी ने नगरपालिका की लापरवाही के कारण टूटी पुलिया को भी मौहल्ले की दुर्घटनाओं को जिम्मेदार ठहराया।

# कमिश्नर से मिला कांग्रेसी डेलिगेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस महानगर के प्रतिनिधि मंडल ने मंडलायुक्त से मुलाकात कर निजी स्कूलों द्वारा छात्र छात्राओं से एडमिशन, ड्रेस व स्लेबस के नाम पर की जा रही लूट से अवगत कराया।

महानगर उपाध्यक्ष इकराम खान के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल को मंडलायुक्त ने आश्वा. सन दिया कि शीघ्र ही मामले में निष्पक्ष कार्यवाही कर छात्रों व अभिभावकों को राहत प्रदान की जायेगी। जो स्कूल नियम विरूद्ध काम कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, आरिफ मंसूरी, रवि कुमार, राकेश वर्मा, नसीब खान, मौ.उमर, शादाब अंसारी, मौ जफर, भूरा खान, मनोज शर्मा, बशारत खान, जैद खान, अहतेशाम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना तीतरों पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 6 मोबाइल, साढ़े नौ हजार रूपए की नगदी एवं एक स्क्रू ड्राइवर सेटबॉक्स बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च को वादी नितिन कुमार पुत्र कलीराम निवासी आबादगढ़ थानाभवन जनपद शामली ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उसका मोबा. इल फोन छीन लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना तीतरों पुलिस ने आज थाना प्रभारी विकास चारण एवं उपनि. रीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में मोबाइल छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों अहसान उर्फ हसन पुत्र हुसैन निवासी ग्राम पांडोली थाना नागल, शाकिब पुत्र तालिब निवासी संगम विहार कालोनी खाताखेड़ी थाना मंडी व मोहम्मद माजिद पुत्र मो. फाजिल निवासी इंद्रा कालोनी कस्बा व थाना बेहट को सालियर नहर पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए छह मोबाइल, 9500 रूपए व 1 स्क्रू ड्राइवर सेटबॉक्स बरामद कर लिया।

दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हमने 27 मार्च को एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से मोबाइल छीनी था।

# सराय गांव का मुख्य मार्ग बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम पंचायत सराय के मुख्य मार्ग की बदहाली ने सरकार के विकास के दावों की हवा निकाल दी है।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाला यह रास्ता वर्तमान में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। गांव के बीच से गुजरने वाले इस मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिनमें जलभराव होने के कारण यह रास्ता किसी तालाब जैसा नजर आने लगा है। हालात इतने खराब है कि पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर हो गया है और आए दिन बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण विजयपाल, अजयपाल और पोखर सिंह ने



अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वे इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरा आश्वासन ही मिला। देशराज और गौतम सिंह का कहना है कि सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण न केवल आवागमन बाधित है। बल्कि अब गांव में बीमारियां फैलने का डर भी सताने लगा है। नरोत्तम सिंह और कावेंद्र सिंह ने आक्रोश जताते हुए बताया कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं।



शिमला। लाहौल-स्पीति जिले के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के उत्तरी प्रवेश द्वार पर बर्फ के बीच साहसिक गतिविधियों में भाग लेते पर्यटक।

## जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र में स्थिति लगातार तनावपूर्ण: चेर्निचुक

**मास्को।** जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निदेशक यूरी चेर्निचुक ने कहा है कि संयंत्र की सुविधाओं और शहर पर युद्ध के प्रभाव के कारण वहां की स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। संयंत्र की प्रवक्ता एवगेनिया याशिना ने शुक्रवार को बताया था कि पिछले दो हफ्तों में जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र और एनरगोदर के पास के क्षेत्र में यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों की तीव्रता में काफी वृद्धि हुई है।रोसाटॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्सी लिखाचेव ने रविवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों में संयंत्र क्षेत्र पर कोई हमला नहीं हुआ है, लेकिन स्टेशन के अनुषंगी शहर एनरगोदर पर हमले हुए हैं।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट की है आशंका: मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 'कोरिरे डेला सेरा' अखबार ने इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। सुमेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जाएंगी।

# अमेरिका ने अपने ही विमानों पर बमबारी की: IRGC

### ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए मजबूर होना पड़ा: ईरानी वायु रक्षा कमान

**तेहरान/नई दिल्ली।** ईरान के वायु रक्षा कमान ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बचाव अभियान के दौरान अपने ही विमानों पर बमबारी कर दी। ईरान के एकीकृत वायु रक्षा कमान 'खातम अल-अंबिया मुख्यालय' के प्रवक्ता ने कहा कि जब ईरान के लड़ाकू विमानों ने घेराबंदी पूरी कर ली, तो ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए अपने ही गिराए गए विमानों, साजो-सामान, कमांडरों और सैनिकों पर भारी बमबारी करने को मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के कई विमानों को निशाना बनाया गया और उन्हें इस्फहान के दक्षिण में आपातकालीन लैंडिग करने पर मजबूर होना पड़ा। इनमें दो सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर



■ शरीफ विश्वविद्यालय पर हमला ट्रम्प की अज्ञानता का प्रतीकः मोहम्मद रजा आरिफ बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा की

शामिल थे। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान में अमेरिका के इस अभियान को 'विफल' बताया गया और कहा गया कि इसके परिणाम को 'सिर्फ बयानबाजी, मीडिया युद्ध या मनोवैज्ञानिक अभियानों से ठीक नहीं किया जा सकता।' वहीं ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के 'शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' को निशाना बनाकर किए गए कथित 'बंकर-बस्टर' बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'बर्बरता' करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रम्प के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह (ट्रम्प) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है। आरिफ ने जोर देकर कहा कि इतिहास की कोई भी बर्बरता ईरानी लोगों से विज्ञान को छीनने में कभी सक्षम नहीं हुई है।

विज्ञान हमारी आत्माओं में रचा-बसा है और यह किला कभी नहीं ढहेगा। गौरतलब है कि सोमवार तड़के हुए इस हमले पर अमेरिका ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। शरीफ विश्वविद्यालय की तुलना अक्सर अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से की जाती है, क्योंकि ईरान में वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस विश्वविद्यालय से जुड़े कई प्रोफेसरों की पहले भी हत्या की जा चुकी है, जिन पर देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोप थे।

## जापान ईरान के साथ सीधे संपर्कों का कर रहा है उपयोग: ताकाइची

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री सानाए तकाइची ने कहा है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ सीधे संचार माध्यमों का उपयोग कर रहा है। सुताकाइची ने संसद में प्रश्नों के उत्तर में कहा कि हमने आज तक विभिन्न स्तरों पर ईरान के साथ घनिष्ठ संवाद बनाए रखा है। फारस की खाड़ी में जापान से जुड़े जहाजों सहित कई जहाजों के फंसे होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, हम मांग करते हैं कि ईरानी पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य में सभी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि इसके साथ इस सीधे माध्यम का उपयोग करते हुए, हम होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित उपायों की तलाश जारी रखेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जापानी जहाजों सहित सभी जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमी: ईरान

### सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया

**तेहरान/काहिरा।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष कई सालों तक चलता है, तब भी उसके पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं होगी। यह बात ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति पर संसदीय आयोग के सदस्य अलाएद्दीन बोरूजेर्दी ने रविवार को कही।

ईरानी संसद की एजेंसी 'खाने-ए-मल्लत' ने बोरूजेर्दी के हवाले से कहा कि अगर यह युद्ध महीनों या सालों तक भी चलता है, तब भी ईरान को मिसाइल और रणनीतिक भंडारों के मामले में कोई समस्या नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, जिससे यह साबित होता है कि उसकी सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। वहीं मिस्र में ईरानी के राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फेरदोसीपुर ने कहा है कि ईरान के पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि खाड़ी के देश इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर हुए हमलों में शामिल हैं। फेरदोसीपुर से जब पूछा गया कि क्या खाड़ी के देश ईरानी क्षेत्र पर हमलों में हिस्सा ले रहे है, तो उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। वहीं ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



■ अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था

## ईरान के बहरेस्तान में अमेरिका और इजरायल के हमले में 13 लोगों की मौत

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के बहरेस्तान में किए गए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजरायली सेना ने बहरेस्तान क्षेत्र के क़लेह मीर शहर में दो रिहायशी इमारतों पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि यह क्षेत्र तेहरान प्रांत का एक घनी आबादी वाला इलाका है। बहरेस्तान के गवर्नर ने बताया कि मलबे को हटाने और मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान में छह बच्चों की मौत

**मास्को।** ईरान के तेहरान प्रांत पर रात भर चले अमेरिकी और इजरायली हमलों में कम से कम छह बच्चों की मौत हो गई है। प्रेस टीवी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया है कि तेहरान के आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार चार बच्चियों और दो बच्चों की मौत हुई, जिनकी उम्र 10 साल से कम थी। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले शुरू किए थे , जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जानें गयीं। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहा है।

## मध्यस्थता कर रहे 45-दिनों के संभावित संघर्ष-विराम की शर्तों पर चर्चा

**मास्को।** अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थ संघर्ष को सुलझाने के लिए बनाई गई दो-चरणों वाली योजना के पहले चरण के तौर पर 45 दिनों के संभावित युद्धविराम की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक्सियोस एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ट्रम्प प्रशासन ने हाल के दिनों में ईरान के सामने कई प्रस्ताव रखे थे, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने अभी तक उनमें से किसी को भी स्वीकार नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक अगले 48 घंटों के भीतर दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते की संभावना कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इससे पहले सोशल मीडिया पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों को मंगलवार को नष्ट करने की धमकी दी है और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक दो-चरणों वाले समझौते पर फिलहाल चर्चा चल रही है। पहले चरण में 45 दिनों का युद्धविराम शामिल है, जिसके दौरान अंतिम शांति की शर्तों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि यदि पक्षों को बातचीत के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है, तो इस युद्धविराम को बढ़ाया भी जा सकता है।

# ईरान पर अपमानजनक पोस्ट कर फंसे ट्रम्प

■ राष्ट्रपति के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की उठी मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रम्प शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं।

कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर मैं ट्रम्प की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर पर सांविधानिक वकीलों को 25वें संशोधन के बारे में बताता। बता दें, अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी डयूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं और फिर उपराष्ट्रपति प्रेसिडेंट की भूमिका निभाते हैं। डेमोक्रेटिक सांसद यासमीन अंसारी ने भी पोस्ट किया कि 25वां संशोधन किसी वजह से है। पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा कि राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिसके लिए वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए। डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, श्सम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है। कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रम्प की पूर्व समर्थक मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से ट्रम्प के पागलपन में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा, श्वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं। ट्रम्प के विरोधी और पूर्व कांग्रेसी जो वाल्श ने कहा कि उनकी ईस्टर की सुबह की पोस्ट। और सिर्फ 2 दिन पहले, उनके एक धार्मिक सलाहकार ने उनकी तुलना ईसा मसीह से की थी। वह हमेशा इस देश और दुनिया पर भी एक दाग रहेंगे। अभी 25वां संशोधन हो। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के जिस पोस्ट को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें उन्होंने ईरान के लिए मंगलवार तक की चेतावनी जारी करते हुए ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ईरान में मंगलवार का दिन 'पावर प्लांट' और 'ब्रिज डे' के रूप में जाना जाएगा, जो अपनी तरह का अनोखा होगा।

# राजनाथ ने देश के चारों कोनों में सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल बनाने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी मेडिकल कोर के 262 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को यहां सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) में नेत्र विज्ञान, कैंसर चिकित्सा तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटरों की आधारशिला रखी तथा दिल्ली छावनी स्थित बेस अस्पताल में नए बुनियादी ढांचे का शिलान्यास किया।

रक्षा मंत्री ने सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर नवाचार, क्षमता निर्माण और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व का उल्लेख किया।



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नई सुविधाएं सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगी। उन्होंने देश के चारों कोनों में सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) के समान संस्थान स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने का सुझाव दिया, ताकि हर क्षेत्र के सैनिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नए संस्थान बनाने के बजाय मौजूदा कमान और बेस अस्पतालों को उन्नत कर इस स्तर तक लाया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में 'सुरक्षा' का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब सैनिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सहायता का विश्वास होता है, तो वे बिना भय के अपने मिशन पूरे करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक मानकों से नहीं आंकी जा सकती, बल्कि जनस्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। चिकित्सा क्षेत्र को बदलती चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन करना होगा और समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा। रक्षा मंत्री ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की।

## चीन ने रूसी नागरिकों के वास्ते वीजा-मुक्त व्यवस्था को बढ़ाया

**मास्को।** चीन ने रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। इजवेस्टिया अखबार ने रूसी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह खबर दी है। मंत्रालय ने अखबार को बताया कि हमारे साझेदारों ने हमें पहले ही सूचित कर दिया है कि वे रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक और साल के लिए बढ़ाने को तैयार हैं। हम आपसी यात्रा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तौर-तरीके तय करने हेतु उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा,
शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़


आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एंव अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करे।
M. : 9368215210

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.